आचारनीति मार्गदर्शिका

# आचारनीति

## व्यापार उचित रूप से करने का सामर्थ्य

EATON

Powering Business Worldwide

# सफलता को चुनना



“इस मार्गदर्शिका में दी जानकारी को समझ कर तथा उसका आवश्यकता अनुसार प्रयोग करके आप लंबे समय से चली आ रही सत्यनिष्ठ आचरण की अपनी परंपरा को सुरक्षित रखने का सुविचारित चयन करते हैं और साथ ही अपनी भावी सफलता में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।”

## निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए :

सर्वश्रेष्ठ वैश्विक उद्यम हमेशा निश्चयकारी होते हैं। अपने दृष्टिकोण और लक्ष्य के बारे में स्पष्ट सोच रखते हुए, वे अपने लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखते हैं तथा उन्हें पूरा करने का भरसक प्रयास करते हैं। सफलता सुविचारित होती है।

उसी प्रकार, ईटन ने सत्यनिष्ठा के लिए अपनी विश्वव्यापी प्रतिष्ठा आचारनीति को प्राथमिकता देकर बनाई है। हम सही मूल्यों को विकसित करते हैं और सत्यनिष्ठ रूप से कार्य करने तथा व्यापार को उचित रूप से करने के क्या मायने हैं यह स्पष्ट करते हैं।

परिणामस्वरूप, एक अत्यधिक नैतिक उद्यम के रूप में ईटन की प्रतिष्ठा, एक प्रभावी और विशिष्ट पहचान बन गई है। अपने आप से हमें जो ऊँची अपेक्षाएँ हैं, उन्हें पूरा करते हुए, हम निरंतर उस विशिष्ट भूमिका को निभाते हैं, जो हमें अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और कर्मचारियों की नज़रों में विशिष्ट तौर पर सफल बनाती हैं।

कार्यस्थल में ईटन के नैतिक मानकों को समझने तथा उनका अनुमोदन करने के लिए, तब भी जब स्थानीय प्रथाएँ या परिस्थितियाँ उस निर्णय को धुंधला करें, आपको जिन जानकारी, मार्गदर्शन और साधनों की आवश्यकता हो, उन्हें उपलब्ध कराने के लिए ईटन प्रतिबद्ध है। यह आचारनीति मार्गदर्शिका उसी प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण भाग है। ठोस उदाहरणों और स्पष्ट, प्रयोगात्मक मार्गदर्शन से परिपूर्ण, यह मार्गदर्शिका सह-कर्मचारियों और बाहरी हित-धारकों के साथ दैनिक पारस्परिक व्यवहारों में नैतिक आचरण के हमारे मानकों को परिभाषित करती है और उनका समर्थन करती है।

ईटन में, हमारा मानना है कि परिणामों को हासिल करने का *तरीका* सफलता का एक महत्वपूर्ण मापदण्ड है। व्यापार को उचित रूप से करना, ईटन ब्राण्ड का मूल तत्व है, तथा बाज़ार में हमारी प्रतिष्ठा निर्माण करने का केंद्रीय स्तंभ है। इस मार्गदर्शिका में दी जानकारी को समझ कर तथा उसका आवश्यकता अनुसार प्रयोग करके आप लंबे समय से चली आ रही सत्यनिष्ठ आचरण की अपनी परंपरा को सुरक्षित रखने का सुविचारित चयन करते हैं और साथ ही अपनी भावी सफलता में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।



**Craig Arnold**
**अध्यक्ष तथा मुख्य निष्पादन अधिकारी**

# विषय-सूची



**अध्यक्ष का पत्र** . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 2
**ईटन के मूल्य** . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 6
**नैतिक आचरण संहिता** . . . . . . . . . . . . . . . 8
**प्रस्तावना** किन्हें पालन
करना आवश्यक है . . . . . . . . . . . . . . . . . 12

**कानून का पालन करना** . . . . . . . . . . .14
- वैयक्तिक ज़िम्मेदारी
- आयात और निर्यात
- स्थानीय कानून

**हमारे वित्तीय परिणामों के अभिलेखन और प्रतिवेदन के प्रति सत्यनिष्ठा** . . . .18

**मानव अधिकारों का सम्मान करना** . . . .22
- मानव अधिकार
- बाल श्रम
- बेगारी
- मुआवज़ा
- समावेश
- कार्य-वातावरण
- आपूर्तिकर्ता
- नागरिकता

**गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सुपुर्दगी** . . . . .28

**नीतिगत स्पर्धा** . . . . . . . . . . . . . . .32
- प्रतिस्पर्धी
- ग्राहक
- आपूर्तिकर्ता

**न्यायपूर्ण रोजगार-संबन्धी व्यवहार और विविधता का सम्मान** . . . .36

**हित-संघर्षों को टालना** . . . . . . . . . .40
- नौकरी से परे
- किसी आपूर्तिकर्ता या ग्राहक के लिए कार्य करना
- ईटन से स्पर्धा करना
- किसी अन्य व्यवसाय में स्वामित्व
- अंदरूनी सूत्र से प्राप्त जानकारी का प्रयोग
- परिवारजन और दोस्त
- बोर्ड की सदस्यता
- उपहार

**परिसंपत्ति और जानकारी को संरक्षित करना** . . . . . . . . . . . .46
- भौतिक परिसंपत्ति
- कम्प्यूटर प्रणालियाँ
- डेटा गुप्तता
- कर्मचारी गुप्तता
- मालिकाना जानकारी

**सत्यनिष्ठ आचरण करना** . . . . . . . . .54
- भ्रष्टाचार विरोधी नियम
- रिश्वत, प्रलोभन
- उपहार और मनोरंजन

**इसे सरकारों को बेचना** . . . . . . . . . .62
- सरकारी ठेके
- सरकारी व्यक्तियों के साथ संबंध

**राजनीतिक अंशदान** . . . . . . . . . . . .68

**पर्यावरण, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा** . . . . . .72
- कर्मचारियों की सुरक्षा
- अनुपालन
- पर्यावरण प्रबंधन
- ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और ठेकेदार

**आपकी ज़िम्मेदारियाँ** . . . . . . . . . . .78
- अपेक्षाएँ
- परिणाम

**सहायता प्राप्त करना** . . . . . . . . . . .82
- एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क करें
- क्या उम्मीद की जा सकती है

**कोई प्रतिशोध नहीं** . . . . . . . . . . . .86

**देश-विशिष्ट जानकारी** . . . . . . . . . . .89

**ग्लोबल एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय** . . . . . . . . . . .90

# ईटन के मूल्य

## हम समझते हैं कि कार्य-निष्पादन के हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने की हमारी क्षमता हम सभी द्वारा अपने मूलभूत मूल्यों को अपनाने पर निर्भर करती है :

**ग्राहक प्रधान पद्धति** – हम अपने हर कार्य में ग्राहक को ध्यान का केन्द्र बनाते हैं।

**लोग** – हम अपने लोगों को अपना सबसे मूल्यवान संसाधन समझते हैं।

**विश्वास** – हमें दूसरों की उचित काम करने की विश्वस्तता पर भरोसा है।

**सम्मान** – हमारा एक दूसरे के प्रति व्यवहार सम्मान और सहृदयता का है।

**मर्यादा** – हम दूसरों के स्वाभिमान और आत्म-सम्मान का आदर करते हैं।

**सत्यनिष्ठा** – हम ईमानदार और नैतिक हैं।

हम एक उच्च कार्य-निष्पादन कार्यस्थल निर्माण कर और उसे बरकरार रख कर *"लोगो के माध्यम से उत्कृष्टता"* को प्राप्त करने पर विश्वास रखते हैं। हम ईटन सिद्धांत के माध्यम से उच्च कार्य-निष्पादन प्रेरित करते हैं, जो हमारे मूलभूत मूल्यों को हमारी एक-दूसरे के प्रति, उद्यम के प्रति, ग्राहकों के प्रति तथा अन्य हित-धारकों के प्रति ज़िम्मेदारियों में क्रियाशील बनाता है।

**स्वास्थ्य और सुरक्षा**
हम सभी कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**उत्कृष्टता**
हम सर्वश्रेष्ठ बनने की सदैव कोशिश करते रहते हैं।

**जवाबदेहिता**
हम अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहते हैं।

**समावेश**
हम व्यक्तिगत मदभेदों की कद्र करते हैं।

**संसूचन**
हमारा संसूचन खुलकर और ईमानदारी के साथ होता है।

**मुआवज़ा**
हम प्रतिस्पर्धात्मक वेतन और लाभ प्रदान करते हैं।

**सीख**
हम लगातार सीखते, बढ़ते और बदलते हैं।

**नवप्रवर्तन**
हम नई कल्पनाओं की कद्र करते हैं।

**सहभागिता**
हम अपने कार्य में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं तथा ईटन के भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

**पर्यावरण और समुदाय**
हम सदैव पर्यावरण को तथा अपने समुदाए को बेहतर बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं।

# नैतिक आचरण संहिता

ईटन कॉर्पोरेशन चाहता है कि ईटन, उसकी सहायक कंपनियों, और संलग्नक कंपनियों ("ईटन") के सभी निदेशक, अधिकारी तथा कर्मचारी अपना काम करते समय यहाँ सूचीबध्द किए गए नैतिक आचरण के मूलभूत सिध्दांतों का पालन करें।

1. **कानून का पालन -** हम दुनिया भर के अपने व्यवसायों पर लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का सम्मान एवं पालन करते हैं।

2. **हमारे वित्तीय परिणामों के अभिलेखन और प्रतिवेदन के प्रति सत्यनिष्ठा -** हम परिशुध्द तथा संपूर्ण वित्तीय और अन्य व्यवसाय अभिलेखों को योग्य रूप से रखते हैं, एवं संपूर्ण, न्यायपूर्ण तथा परिशुध्द वित्तीय परिणामों और अन्य व्यावसायिक जानकारी को उचित समय पर तथा समझने में आसान रूप में सूचित करते हैं। हमने आंतरिक नियंत्रण की एक प्रणाली विकसित की हैं जिसके द्वारा हम अपने अभिलेखों और सूचनाओं की अखंडता को परिरक्षित कर सकते हैं।

3. **मानव अधिकारों का सम्मान करना -** हम मानवाधिकारों का आदर करते हैं और हमारे आपूर्तिकर्ताओं से भी ऐसा करने की अपेक्षा करते हैं।

4. **गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सुपुर्दगी -** हम गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं सेवाएँ देने के लिए प्रतिबध्द हैं।

5. **नीतिगत स्पर्धा -** हम प्रतिस्पर्धात्मक सुअवसर सर्वोत्कृष्ट कार्य-निष्पादन द्वारा प्राप्त करते हैं। हम अनैतिक अथवा गैर-कानूनी उद्योग व्यवहारों को नहीं अपनाते।

6. **न्यायपूर्ण रोजगार-संबन्धी व्यवहार और विविधता का सम्मान -** हम ऐसे व्यवहारों द्वारा सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण कर्मचारी दल का सम्मान करने के लिए प्रतिबध्द हैं जो गुणों के आधार पर सभी कर्मचारियों को समान अवसर तथा न्यायपूर्ण बर्ताव प्रदान करते हैं। हम कार्यस्थल पर किसी प्रकार का उत्पीड़न या भेदभाव सहन नहीं करते।

7. **हित-संघर्षों को टालना -** हम ऐसे संबंधों या आचरण को टालते हैं जिनके कारण फैसले लेने की हमारी योग्यता प्रभावित हो, या हमारे वैयक्तिक हितों और ईटन के प्रति हमारी निष्ठा के बीच प्रत्यक्ष या परोक्ष संघर्ष पैदा हों। हम अन्यों के लिए या खुद के लिए अनुचित लाभ पाने हेतु ईटन में हमारे पद का इस्तेमाल नहीं करते। हम ऐसी किसी भी गतिविधि या संबंध में शामिल नहीं होते जो ईटन के साथ स्पर्धा करे।

8. **परिसंपत्ति तथा जानकारी को संरक्षित करनो -** हम ईटन की संपदा, जानकारी और अवसरों को ईटन के व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त करते हैं न कि अनधिकृत प्रयोग हेतु। हम ईटन या अन्यों द्वारा हमें सौंपी गई जानकारी और कर्मचारी डेटा की गोपनीयता योग्य रूप से बनाए रखते हैं।

9. **सत्यनिष्ठ आचरण करना -** हम रिश्वत, प्रलोभन या अनुपयुक्त उपहार या मनोरंजन न देते हैं न सवीकार करते हैं। हम उन्हीं व्यापारिक प्रथाओं को अपनाते हैं जो हमारी नीतियों और मूल्यों के साथ संगत हों।

10. **इसे सरकारों को बेचना -** हम ऐसे विशिष्ट कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करते हैं जो सरकारी ठेकों या सरकारी व्यक्तियों के साथ संबन्धों के बारे में हों।

11. **राजनीतिक अंशदान -** हम राजनीतिक उम्मीदवारों या पक्षों को ईटन की ओर से अंशदान नहीं देते, यद्यपि यह न्यायोचित हो।

12. **पर्यावरण, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा -** हम हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा का संरक्षण करने और पर्यावरण की रक्षा करने में विश्व के अग्रणी बनने के लिए प्रतिबदध हैं।

**प्रतिवेदन** – स्थानीय कानून के अधीन, कोई भी व्यक्ति खुलकर या बेनामी रूप से किसी भी नैतिक मुद्दे, या लेखांकन, वित्तीय, कर-संबंधी या भ्रष्टाचार-विरोधी मामलों समेत, किसी भी संभाव्य या प्रत्यक्ष कानूनी उल्लंघन की सूचना एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय को दे सकता है। यथासंभव गोपनीयता बरती जाएगी, तथापि, इस हद तक कि योग्य रूप से छानबीन की जा सके।

ये सूचनाएँ डाक, ई-मेल या दूरभाष से नीचे लिखित निर्देशनुसार की जा सकती हैं:

- **डाक द्वारा** – इस पते पर डाक भेजें
  वी.पी., एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स,
  ईटन कॉरपोरेशन,
  1111 सुपीरियर ऐवेन्यू, क्लीव्लैंड,
  ओहायो 44114, यू एस ए
- **ई-मेल** – Ethics@eaton.com पर ई-मेल भेजें, या जे ओ ई (ईटन का इन्ट्रानेट) अथवा ईटन की बाहरी वेबसाइट पर उपलब्ध ग्लोबल एथिक्स वेबसाइट पर दिए गए वेब फॉर्म का उपयाग करें।
- **दूरभाष** – यू एस और कैनडा से 800.433.2774 पर फोन कर एथिक्स एण्ड फायनैन्शियल इन्टिग्रिटि हैल्प लाइन को संपर्क करें। अन्य सभी देशों से, आपके स्थानीय एथिक्स पोस्टर पर या जे ओ ई पर ग्लोबल एथिक्स वेबसाइट पर दिए गए क्रमांक पर फोन करें। यह हेल्पलाइन निःशुल्क है, और एक बहुभाषीय प्रतिनिधि दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध होता है।
- **बहुभाषीय सहायता** – यदि आप चाहें तो अपना मुद्दा अपनी मातृभाषा में लिखकर इनमें से किसी भी पते पर भेज दें, और हम आपके पत्र या ई-मेल का अनुवाद करेंगे।

ईटन नैतिक, कानूनी या वित्तीय मुद्दे की सूचना देने वाले किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध प्रतिशोध की अनुमति नहीं देगा, और न ही निष्कपटता की भावना के साथ दी गई किसी सूचना के लिए किसी कर्मचारी को दंड देगा।



## वैयक्तिक ज़िम्मेदारी

प्रत्येक निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी की वैयक्तिक ज़िम्मेदारी है कि वे इस नैतिक आचरण संहिता में शामिल सिध्दांतों को पढ़ें, जानें और उनका अनुपालन करें। स्थानीय कानून के अधीन, इन सिध्दांतों का अनुपालन रोज़गार की शर्त है और अनुपालन न करने पर निष्कासन तक, और निष्कासन समेत, अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

निदेशक बोर्ड नैतिक आचरण संहिता के उल्लंघन के प्रसंगों में कार्यवाही तय करेगा, या ऐसा करने के लिए उचित प्रबंधन व्यक्ति को पदनामित करेगा। इन कार्यवाहियों को गलत काम करने से हतोत्साहित करने और नैतिक आचरण संहिता के पालन की जवाबदेहिता को बढ़ावा देने की दृष्टि से योग्य रूप से तैयार किया जाएगा।

स्थानीय कानून के आधीन, प्रत्येक अधिकारी, निदेशक और कर्मचारी का कर्तव्य है कि वे ऐसी किसी भी गतिविधि के बारे में ईटन को सूचित करें, जो उनके अनुसार इन सिद्धांतों का उल्लंघन करती हो। ये सूचनाएँ किसी पर्यवेक्षक को या प्रबंधन के अन्य सदस्य को, अथवा एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय को दी जा सकतीं हैं, जैसे कि उपरोक्त है। संभाव्य उल्लंघनों के बारे में सूचना निदेशक बोर्ड की लेखा-परीक्षा या प्रशासन समितियों के अध्यक्षों, या सीधे पूरे निदेशक बोर्ड को डाक द्वारा वी.पी., एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स को भेजें जो उन्हें आगे भेज देंगे।

# प्रस्तावना

इस आचारनीति मार्गदर्शिका का उद्देश्य है दुनिया भर में ईटन के सभी कर्मचारियों को नैतिक आचरण संहिता से परिचित होने और उनके दैनिक कामों में इसका अनुपालन करने में मदद करना। यह मार्गदर्शिका हर नैतिक मुद्दे को समाविष्ट करने के लिए नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य है आपको व्यापार में नैतिक निर्णय लेने में सामान्य मार्गदर्शन देना और आपका अधिक सहायता के स्रोतों की ओर निर्देशन करना। इस मार्गदर्शिका में उल्लिखित कंपनी नीतियों के पूरे अवतरण के लिए अपने पर्यवेक्षक से पूछें या ईटन के इन्ट्रानेट जे ओ ई पर देखें।

# ईटन की नैतिक आचरण संहिता का पालन करना किनके लिए आवश्यक है?

## दुनिया भर में ईटन के सभी कर्मचारी

प्रत्येक अधिकारी, निदेशक और कर्मचारी (इस मार्गदर्शिका में सामूहिक रूप से "कर्मचारी" शब्द द्वारा उल्लिखित) की वैयक्तिक ज़िम्मेदारी है कि वे इस नैतिक आचरण संहिता में शामिल सिध्दांतों को पढ़ें, जानें और उनका अनुपालन करें।

## सहायक कंपनियाँ, संलग्नक कंपनियाँ और अन्य संस्थाएँ

ईटन के नियंत्रण प्राधिकार में होने वाली उन सभी सहायक कंपनियों, संलग्नक कंपनियों और अन्य संस्थाओं के लिए इस नैतिक आचरण संहिता का अनुपालन करना अनिवार्य है। उदाहरण के लिए, ऐसे किसी भी संयुक्त उद्यम के लिए, जिसमें ईटन 50 प्रतिशत से ज़्यादा प्राधिकार रखता हो, नैतिक आचरण संहिता का अनुपालन करना अनिवार्य है। उन संस्थाओं से जिनमें ईटन का प्राधिकार 10 प्रतिशत या उससे ज़्यादा हो, परन्तु ईटन को नियंत्रण का अधिकार न हो, नैतिक आचरण संहिता या इसी के समान किसी आचरण संहिता का अनुपालन करने के लिए दृढतापूर्वक अनुनय किया जाएगा।

## तीसरे पक्ष

जहाँ पर भी प्रसंगोचित हो, वहाँ ईटन की नैतिक आचरण संहिता ईटन को सहयोग देने वाले अथवा ईटन को या ईटन की ओर से सेवाएँ प्रदान करने वाले व्यक्तियों पर या पक्षों पर भी समान रूप से लागू होती है। इसमें सभी अस्थायी कर्मचारी, जैसे कि स्वतंत्र ठेकेदार, व्यापारिक सलाहकार, सेवा प्रदाता और एजेन्सी कर्मचारी शामिल हैं।

हमारे आपूर्तिकर्ताओं को ईटन की आपूर्तिकर्ता नैतिक आचरण संहिता का अनुपालन करना आवश्यक है।

हम तीसरे पक्षों को हमारी ओर से ऐसा कुछ भी करने की अनुमति नहीं देते जो हमारे खुद के लिए निषिद्ध हो।

### प्रश्न

**प्र. अगर मेरी कुछ निजी मान्यताएँ ईटन के नैतिक सिद्धांतों के विरुद्ध हों तो ?**

**उ.** ईटन का इरादा आपकी निजी मान्यताओं को बदलने की कोशिश करने का नहीं है। लेकिन, हम आपसे यह अपेक्षा रखते हैं कि ईटन की ओर से कार्य करते समय आप अपने व्यवहार में ईटन के नैतिक सिद्धांतों का उपयोग करेंगे। यदि आपको इन अपेक्षाओं को पूरा करने की आपकी योग्यताओं के बारे में कोई प्रश्न हैं तो आप अपने पर्यवेक्षक के साथ अपनी चिंता के बारे में बात करें या एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से सम्पर्क करें।

# 1 कानून का पालन करना

हम दुनिया भर के अपने व्यवसायों पर लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का सम्मान एवं पालन करते हैं।

## आपकी वैयक्तिक ज़िम्मेदारी

ईटन के कर्मचारी होने के नाते, आपसे अपेक्षा की जाती है कि जहाँ भी हम व्यापार करते हैं, वहाँ लागू कानूनों तथा सरकारी नियमों का आप अनुपालन करें। अपने पर्यवेक्षक के कथित दबाव, या व्यावसायिक स्थिति की माँगें आपको कानून का पालन न करने की छूट नहीं देते। अगर किसी प्रस्तावित कार्यवाही पर आपके कोई प्रश्न या संदेह हों, तो यह आपका उत्तरदायित्व है कि आप उनके बारे में अपने पर्यवेक्षक या एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से सम्पर्क करें।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार आयात तथा निर्यात नियंत्रण

उत्पादों, सेवाओं, सूचना अथवा प्रौद्योगिकी का आयात और निर्यात करते समय ईटन लागू अमरीकी तथा अन्य राष्ट्रीय कानूनों, विनियमों और प्रतिबंधों का अनुपालन करता है। इन नियमों का पालन न करना अपराध के रूप में लिया जा सकता है, तथा अनुपालन न करने का जुर्माना ईटन के लिए अर्थदंड और ज़िम्मेदार कर्मचारी के लिए अर्थदंड और कैद की सज़ा भी शामिल कर सकता है। आपके दैनिक कार्य-गतिविधियों से संबंधित कानून जानने के लिए आप खुद ज़िम्मेदार हैं, जिनमे आपके स्थानीय कानूनों के अलावा किसी अन्य देश के कानून भी शामिल हो सकते हैं।

## स्थानीय कानून और प्रथाएँ

चूंकि ईटन एक अमरीकी संस्था है, इसलिए यह अमरीकी कानूनों के अधीन है। ईटन उन अन्य देशों के कानूनों के अधीन भी है जहाँ यह व्यापार करता है। किसी देश के स्थानीय कानून किसी अन्य देश में हमारे व्यवसाय करने के तरीके को प्रभावित कर सकते हैं। ईटन के व्यापार का संचालन करते हुए यह महत्वपूर्ण है कि आप आपके देश में आप पर लागू स्थानीय कानूनों के साथ-साथ यह भी समझें कि अन्य देशों के कानून आपको कैसे प्रभावित कर सकते हैं। यदि आपको इन कानूनों के बीच कोई विरोध ज्ञात होता है, या फिर आपको लगता है कि स्थानीय व्यवहार और व्यापारिक अथवा सामाजिक प्रथाएँ इन कानूनों के साथ मेल नहीं खातीं, तो सहायता लें।

# सम्मान

**प्र. मुझे लगता है कि एक वितरक ईटन के कलपुर्जे एक ऐसे देश को भेज रहा है जिसपर निर्यात कानूनों के तहत दंडविधान या व्यापार-प्रतिरोध है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** किसी ऐसे देश में माल भेजना जिसपर दंडविधान या व्यापार-प्रतिरोध हो, चाहे यह किसी वितरक के माध्यम से ही क्यों न हो, ईटन जहाँ व्यापार करता है ऐसे कई देशों के निर्यात कानूनों के तहत गैर- कानूनी हो सकता है। माल-परिवहन से संबंधित नियम बहुत ही जटिल होते हैं, और किसी माल-परिवहन की वैधता निर्धारित करने के लिए तथ्यों की एक सावधानीपूर्ण समीक्षा आवश्यक है। अगर आपको संदेह है कि ईटन के उत्पाद किसी ऐसे देश में भेजे जा रहे हैं जिसपर दंडविधान या व्यापार-प्रतिरोध है, या इससे पहले कि आप कोई कार्य-व्यवहार करें जिसमें कोई ऐसा देश शामिल हो जिसपर दंडविधान या व्यापार-प्रतिरोध हो, तो सहायता के लिए विधि विभाग से तुरंत संपर्क करें।

**प्र. कभी कभी हमारे मानक और नीतियाँ मेरे देश के स्थानीय कानूनों से अधिक सख़्त होते हैं। हम स्थानीय कानूनों की जरूरतों से ज़्यादा सख़्ती क्यों बरतें?**

**उ.** ईटन व्यापार को उचित रूप से करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका मतलब है कि हम उचित कार्य ही करते हैं, भले ही वह स्थानीय कानूनों से अधिक प्रतिबंधात्मक हो या स्थानीय व्यवहार अथवा व्यापार प्रथाएँ एक अलग पद्धति की अनुमति देते हों।

## उदाहरण

### अनुचित

☒ एक कर्मचारी को पता चलता है कि एक ग्राहक सरकारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ईटन के कलपुर्जों में स्थानीय सामग्री के प्रतिशत के बारे में गलत कथन कर रहा है। कर्मचारी कुछ नहीं करता है, क्योंकि वह उस ग्राहक से मिलने वाला कारोबार गँवाना नहीं चाहता।

☒ एक माल-परिवहन क्लर्क को मालूम पड़ता है कि एक विदेशी देश को भेजे जा रहे ईटन उत्पाद में ऐसी तकनीक शामिल है जो स्थानीय निर्यात नियंत्रण कानूनों के तहत प्रतिबंधित है। उसे उस तकनीक के लिए आवश्यक निर्यात लाइसेंस प्राप्त किए जाने का कोई संकेत नहीं मिलता। वह उस माल-परिवहन पर कोई सवाल खड़े नहीं करती और उसे आगे बढ़ने देती है।

### उचित

☑ एक प्रबंधक को पता चलता है कि अमरीकी निर्यात नियंत्रण कानूनों के खिलाफ़, माल एक स्वीकृत देश तक पहुँचने के बाद एक ऐसे देश को भेजा जाने वाला है जिसपर दंडविधान है। वह प्रबंधक उस माल-परिवहन को रोक देता है।

☑ यंत्र की खराबी के कारण एक महत्वपूर्ण ग्राहक को उत्पाद भेजने में देरी हो सकती है। इसपर एक उपाय है उत्पादन का कार्य किसी अन्य ईटन संयंत्र में स्थानांतरित करवाना, लेकिन यह करने से पहले ग्राहक से पूर्व अनुमोदन, तथा स्थानीय कर और सीमाशुल्क कार्यालयों से अनुमोदन आवश्यक होता है। भले ही सुपुर्दगी में एक सप्ताह की देरी होती है, लेकिन संयंत्र प्रबंधक सुनिश्चित करता है कि उत्पादन को दूसरे संयंत्र में स्थानांतरित करने से पहले, उनके दल ने आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किए हैं।



# 2 हमारे वित्तीय परिणामों के अभिलेखन और प्रतिवेदन के प्रति सत्यनिष्ठा

हम परिशुध्द तथा संपूर्ण वित्तीय और अन्य व्यवसाय अभिलेखों को योग्य रूप से रखते हैं, एवं संपूर्ण, न्यायपूर्ण तथा परिशुध्द वित्तीय परिणामों और अन्य व्यावसायिक जानकारी को उचित समय पर तथा समझने में आसान रूप में सूचित करते हैं। हमने आंतरिक नियंत्रण की एक प्रणाली विकसित की हैं जिसके द्वारा हम अपने अभिलेखों और सूचनाओं की अखंडता को परिरक्षित कर सकते हैं।



## कर्मचारियों के लिए आवश्यक है कि वे :

- सुनिश्चित करें कि उनके उत्तरदायित्व में वे वित्तीय बही-खाते, अभिलेख, और हिसाब व्यावसायिक व्यवहार को उचित रूप से प्रतिबिंबित करते हैं तथा आवश्यक लेखांकन सिद्धांतों और ईटन की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के अनुरूप हैं।
- किसी भी दस्तावेज़ में कभी भी हेरफेर न करें, न ही किसी भी लेनदेन के वास्तविक स्वरूप के बारे में गलत बयान दें।
- ईटन की अभिलेख-प्रतिधारण नीतियों का पालन करें।

# परिशुद्धता

**प्र. व्यावसायिक अभिलेखों के कुछ उदाहरण क्या हैं?**

**उ.** व्यावसायिक अभिलेख इलेक्ट्रॉनिक या कागज़ी दस्तावेज़ हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं :

- कार्य-घंटों के अभिलेख;
- परीक्षण विवरण;
- पर्यावरण, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के विवरण;
- आय तथा लागत डेटा;
- वित्तीय विवरण;
- व्यय विवरण;
- उत्पाद जानकारी;
- गुणवत्ता विवरण; और
- शैक्षिक योग्यता या कार्य अनुभव के अभिलेख।

**प्र. कंपनी की जानकारी के बारे में गलत प्रतिवेदन के क्या परिणाम हो सकते हैं?**

**उ.** गुणवत्ता, परीक्षण, माल-सूची, वित्तीय या इस प्रकार के अन्य विवरणों के बारे में गलत जानकारी देने पर निष्कासन तक, और निष्कासन समेत, अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है। ऐसा व्यवहार कंपनी की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुचाँ सकता है और इसके नतीजे में कर्मचारी एवं कंपनी के लिए दीवानी या फौजदारी जवाबदेही हो सकती है।

**प्र. मेरे एक सहकर्मी ने कुछ महत्वपूर्ण परीक्षण परिणामों के बारे में झूठा विवरण दिया है, जिसके कारण उत्पाद में गंभीर खराबी हो सकती है। मैं अपने सहकर्मी के साथ मेरे संबंधों को खतरे में डाले बिना इस मुद्दे को कैसे उठा सकता/सकती हूँ?**

**उ.** परिस्थितियों के अनुसार, आपके प्रबंधक या मानव संसाधन विभाग के लिए, इस में आपकी भूमिका प्रकट न करते हुए, इस प्रसंग की जांच करना संभव होना चाहिए। यदि आप स्थानीय प्रबंधकों के साथ इस मुद्दे को उठाने में संकोच महसूस करते हैं, तो आप एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय को इस बात की सूचना दे सकते हैं।

**प्र. मेरे नए सहकर्मी को उतना अनुभव नहीं है जितना उन्होंने अपने आवेदन में बताया था। जब मैंने उनसे इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि नौकरी पाने के लिए उन्होंने अपने कार्य अनुभव को बढ़ा चढ़ा कर बताया था। उनका कहना है कि यह कुछ मायने नहीं रखता, अगर वे खुद को साबित कर सकें तो। क्या यह ठीक है?**

**उ.** नहीं। वे कर्मचारी जो अपने कार्य अनुभव को बढ़ा चढ़ा कर बताते हैं या अपनी शिक्षा के बारे में गलत जानकारी देते हैं, उन पर निष्कासन तक, और निष्कासन समेत, अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है। जो कर्मचारी अपने कार्य अनुभव में हेरफेर कर सकते हैं वे अन्य दस्तावेज़ों में भी हेरफेर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इस नौकरी के लिए आवेदन करने वाले अन्य लोगों के प्रति यह अनुचित है।

**प्र. मेरे एक सहकर्मी ने मुझे ऐसी सेवाओं के लिए चालान अनुमोदित करने के लिए कहा जो प्रदान नहीं की गईं थी। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** यह जानते हुए कि हमें ये सेवाएँ प्राप्त नहीं हुई हैं, अगर आप इस चालान को अनुमोदित करते हैं, तो इसका अर्थ होता है कि आपने एक झूठा विवरण दिया है। आपके अनुमोदन के परिणामस्वरूप यदि भुगतान किया जाता है तो इसे चोरी समझा जा सकता है। अपनी चिंता के बारे में अपने सहकर्मी से बात करें। यदि ऐसा करने में आपको संकोच होता है, तो अपने प्रबंधक, स्थानीय वित्त प्रमुख या एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से आगे की कार्यवाही के बारे में संपर्क करें।



## उदाहरण

### अनुचित

- ☒ विक्रय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए, एक संयंत्र प्रबंधक नियंत्रक को तिमाही के अंतिम दिन पर एक बड़े विक्रय का अभिलेखन करने के लिए कहता है, हालाँकि वह ऑर्डर दो दिन बाद तक नहीं भेजा गया था।
- ☒ एक विक्रय प्रतिनिधि अपने व्यय विवरण में ऐसे भोजनों की नकली रसीदें प्रस्तुत करती है जहाँ वह गई ही नहीं थी।
- ☒ एक कर्मचारी को पता चलता है कि एक ग्राहक उत्पाद में खराबी के लिए कंपनी के खिलाफ़ मुकदमा दायर करने की धमकी दे रहा है और वह उत्पाद परीक्षण परिणामों से संबंधित उस ग्राहक के सारे संदेश नष्ट कर देता है।
- ☒ एक विक्रय प्रबंधक एक ग्राहक के परिवार की डिज़्नी वर्ल्ड यात्रा की लागत का भुगतान करता है और उसे उत्पाद विकास व्यय के रूप में अभिलिखित करता है।

### उचित

- ☑ एक कर्मचारी को उसका प्रबंधक एक दुर्घटना-विवरण के ब्योरे बदलने के लिए कहता है। कर्मचारी को ऐसा फेर-बदल करना ठीक नहीं लगता और वह एक अन्य प्रबंधक से सलाह लेता है।
- ☑ एक नए कर्मचारी को पता चलता है कि उसके सहकर्मी नियमित रूप से अपने समय-कार्ड पर कार्य के घंटे गलत लिखते हैं, और वह चिंतित है कि यह प्रथा संयंत्र में व्यापक रूप से ज्ञात और स्वीकार्य है। उसे स्थानीय प्रबंधकों के साथ इस मुद्दे को उठाने में संकोच होता है, इसलिए वह एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क करता है।
- ☑ जब एक कर्मचारी माल-सूची में एक महत्वपूर्ण त्रुटि बताती है, तो उसके प्रबंधक गलती मानते हैं, गलती सामने लाने के लिए उसे धन्यवाद देते हैं और एक सुधारित माल-सूची जमा करते हैं।
- ☑ एक कर्मचारी को पता चलता है कि एक ग्राहक एक पुराने उत्पाद मैनुअल में दिए उत्पाद विनिर्देशों पर निर्भर होकर खरीदने का निर्णय ले रहा है। वह तुरंत इस गलती के बारे में ग्राहक को सूचित करती है।

# 3 मानव अधिकारों का सम्मान करना

हम मानवाधिकारों का आदर करते हैं और हमारे आपूर्तिकर्ताओं से भी ऐसा करने की अपेक्षा करते हैं।

इस दुनिया के नागरिक और समाज के एक ज़िम्मेदार सदस्य होने के नाते, ईटन हर व्यक्ति की गरिमा, हमारे समुदायों की ज़रूरतों और पर्यावरण की अरक्षितता का सम्मान करता है। कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी ईटन में एक दीर्घ कालिक सिद्धांत है और हमारे व्यापार करने के तरीके का एक अभिन्न अंग है।

## मानव अधिकार

हम मानते हैं कि कई स्वतंत्र संगठनों और आयोगों ने मूलभूत अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार साधन, जैसे संयुक्त राष्ट्र का ग्लोबल कॉम्पैक्ट, मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय वाचा, तथा आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय वाचा प्रस्तावित किए है। यह साधन आम तौर पर इस सिद्धांत का पालन करते हैं कि व्यवसायों को निर्धारित मानव अधिकारों का आदर और समर्थन करना चाहिए और मानव अधिकारों के हनन में शामिल नहीं होना चाहिए। ईटन में, ये महत्वपूर्ण सिद्धांत हमारे मूलभूत मूल्यों में संकलित हैं और हमारे दैनिक आचरण का, और साथ ही हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से कैसे आचरण की अपेक्षा रखते हैं, इसका भी नियमन करते हैं। मानव अधिकार, श्रम, पर्यावरण, भ्रष्टाचार-विरोधी और कॉर्पोरेट नागरिकता के निष्पादन पर विवरण देने के लिए विश्व में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली संरचना, ग्लोबल रिपोर्टिंग पहल के हम सदस्य हैं और गर्व के साथ इसमें सहभागी होते हैं।

## बाल श्रम

हम बाल श्रमिकों को काम पर नहीं रखते। हमारे लिए बाल शब्द की परिभाषा है 16 साल से कम उम्र तक का कोई भी व्यक्ति। अगर स्थानीय कानून हमारी नीति से भी अधिक प्रतिबंधक है, तो हम स्थानीय कानून का अनुपालन करेंगे। परंतु, भले ही स्थानीय कानून हमें 16 साल से कम उम्र के लोगों को काम पर रखने की अनुमति देता है, तब भी हम ऐसा नहीं करेंगे।

## बेगारी

हम किसी भी अनुबंधित प्रथा जैसे कि बेगारी, गुलामी, या दासता के प्रयोग का निषेध करते हैं।

## मुआवज़ा

हम वेतन और लाभ कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार या उनसे अधिक प्रदान करते हैं तथा उन देशों की मुआवज़ा प्रथाओं के साथ प्रतिस्पर्धात्मक हैं जहाँ हम व्यवसाय करते हैं।

## समावेश

हम सभी कर्मचारियों का समावेश करने वाली, तथा योग्य व्यक्तियों के लिए समान रोजगार को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हम एक ऐसा वातावरण बनाए रखने का निरंतर प्रयास करते हैं जहाँ प्रत्येक व्यक्ति, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, लिंग, जाति, रंग, धर्म, नस्ल, आयु, राष्ट्रीय मूल, लैंगिक झुकाव, लैंगिक पहचान, विकलांगता, स्तर या पद पर ध्यान दिए बिना, अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर सकें और हर दिन महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

# मर्यादा

## कार्य-वातावरण

इस मौलिक धारणा के आधार पर कि सभी कर्मचारी सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहते हैं और जो उचित हो वही करना चाहते हैं, हम लोगों के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने में हमारा विश्वास व्यक्त करने के लिए ईटन सिद्धांत का उपयोग करते हैं। हम निम्नलिखित मौलिक सिद्धांतों के वक्तव्यों पर अपनी नीतियाँ, प्रथाएँ और फैसले आधारित करते हैं :

- हम सभी कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम अपने कार्य में सर्वश्रेष्ठ बनने की कोशिश करते रहते हैं।
- हम व्यक्तिगत मतभेदों की कद्र करते हैं।
- हमारा संसूचन खुलकर और ईमानदारी के साथ होता है।
- हम प्रतिस्पर्धात्मक वेतन और लाभ प्रदान करते हैं।
- हम लगातार सीखते, बढ़ते और बदलते हैं।
- हम नई कल्पनाओं की कद्र करते हैं।
- हम अपने कार्य में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं तथा ईटन के भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं।
- हम सदैव पर्यावरण को तथा अपने समुदाए को बेहतर बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं।

हम यह मानते हैं कि सभी कर्मचारियों को एक-दूसरे के साथ, और उनका कार्य करते समय उनके संपर्क में जो कोई भी आए उनके साथ, गरिमा और सम्मान के साथ पेश आना चाहिए।

हम एक अनधिकृत नियंत्रित पदार्थों, अवैध ड्रग्स, तम्बाकू और शराब के प्रभाव से मुक्त कार्य-वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम अपने कर्मचारियों के लिए विश्वास पर आधारित कार्य-वातावरण उपलब्ध कराते हैं, जहाँ वे सवाल पूछने, प्रतिक्रिया व्यक्त करने, अपनी चिंताओं की सूचना देने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

जहाँ कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व यूनियन और/या कार्य परिषद करते हैं, वहाँ ईटन उनके प्रतिनिधियों के साथ व्यवहार में स्थानीय कानूनों का पालन करता है।

## आपूर्तिकर्ता

हमारे आपूर्तिकर्ताओं को ईटन की आपूर्तिकर्ता नैतिक आचरण संहिता का अनुपालन करना आवश्यक है।

## नागरिकता

हम उन समुदायों को प्रोत्साहित करते हैं जिनमें हम रहते हैं और कार्य करते हैं। एक अच्छे सामाजिक नागरिक होने के नाते, हम शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव सेवाओं, सामुदायिक विकास और अन्य स्थानिक रूप से संगत उद्यमों का समर्थन कर, और ऐसे उद्यमों में अपने कर्मचारियों की स्वैच्छिक भागीदारी का समर्थन कर, जहाँ हम काम करते हैं वहाँ के जीवन-स्तर में सुधार लाने की कोशिश करते हैं।


EATON

**प्र. हमारे ग्राहक और आपूर्तिकर्ता कभी-कभी पूछते हैं कि क्या ईटन संयुक्त राष्ट्र के ग्लोबल कम्पैक्ट और अन्य मानवाधिकार समादेशों का समर्थन करता है। मुझे क्या जवाब देना चाहिए?**

**उ.** उन्हें हमारी आचारनीति मार्गदर्शिका की एक प्रति उपलब्ध कराएँ, या इस मार्गदर्शिका की एक इलेक्ट्रॉनिक प्रतिलिपि के लिए उन्हें हमारी बाहरी वेबसाइट देखने के लिए कहें। यदि आपसे इन मुद्दों के बारे में किसी सर्वेक्षण में जवाब देने को कहा जाए, तो मार्गदर्शन के लिए विधि विभाग से पूछें।

**प्र. मुझे ठीक नहीं लगता जब मेरे फ़्लोर पर्यवेक्षक जातीय और राष्ट्रीयता संबंधित चुटकुले सुनाते हैं। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** आदर्शतः, सबसे अच्छा होगा अगर आप अपने पर्यवेक्षक को बताएँ कि उनके चुटकुले आपको ठीक नहीं लगते और उन्हें ऐसे चुटकुले सुनाना बंद करने के लिए कहें। यदि ऐसा करने में आपको संकोच हो, तो मानव संसाधन विभाग से इस बारे में बात करें।

**प्र. ईटन को विविधता से कैसे लाभ होता है?**

**उ.** हमारे वैश्विक, पार-सांस्कृतिक प्रतिभावान व्यक्तियों के समुच्चय में से सर्वश्रेष्ठ लोगों को आकर्षित करने की क्षमता पर हमारी सफलता निर्भर करती है। व्यक्तिगत मतभेदों की कद्र कर हम नवप्रवर्तनशील कल्पनाओं और बेहतर निर्णयों की ओर ले जाने वाले अलग-अलग दृष्टिकोणों से लाभान्वित होते हैं।

**प्र. हमारे संयुक्त उद्यम के सरकारी साझेदार महिला उम्मीदवारों को महत्वपूर्ण परिचालन कार्यों के लिए स्वीकार नहीं करते। भविष्य में, क्या हमें ऐसे कार्यों के लिए महिलाओं के नाम देना बंद कर देना चाहिए?**

**उ.** नहीं। अगर हम महिला उम्मीदवारों के नाम देना बंद कर देंगे तो इससे यह प्रतीत होगा कि हम इस भेदभाव के लिए सहमत हैं। केवल योग्यता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के नाम प्रस्तुत करते रहने से हम, लिंग पर ध्यान दिए बिना, सर्वश्रेष्ठ लोगों को भर्ती करने की हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ करेंगे।


**प्र. मेरी नई प्रबंधक बहुत भयभीत करने वाली हैं, और कभी कभी वे मुझे मेरे सहकर्मियों के सामने अपमानित करती हैं। हो सकता है यह केवल उनका अंदाज हो, लेकिन यह मेरे मनोबल को प्रभावित कर रहा है। क्या मैं इस बारे में कुछ कर सकता/सकती हूँ?**

उ. यदि आपको लगता है कि आपके साथ पेशेवर तरीके से व्यवहार नहीं किया जा रहा है, तो अपने प्रबंधक से बात करें और उन्हें बताएँ कि कैसे उनका व्यवहार आपके मनोबल को प्रभावित करता है। यदि ऐसा करने में आपको संकोच होता है, तो किसी अन्य प्रबंधक या मानव संसाधन विभाग से इस बारे में बात करें।

**प्र. मुझे मालूम पड़ा है कि हमारे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक अपने कर्मचारियों से खतरनाक हालातों में कार्य करा कर उनके साथ बुरा बर्ताव कर रहे हैं। क्या मुझे चिंतित होना चाहिए?**

उ. उचित रूप से व्यापार करने की हमारी प्रतिष्ठा को हमारे व्यापार भागीदारों के दुराचार के कारण नुकसान पहुँच सकता है। अपनी चिंताओं के बारे में अपने प्रबंधक से बात करें ताकि ईटन उचित कार्यवाही निर्धारित कर सके।







## उदाहरण

### अनुचित

- ☒ अपने लैंगिक झुकाव की वजह से एक सहकर्मी कर्मचारियों के बीच उपहास का पात्र बन गया है।
- ☒ एक महिला कर्मचारी केवल स्त्री होने के कारण पुरुष सहकर्मी से कम वेतन पाती है।

### उचित

- ☑ एक महिला कर्मचारी मशीन उपकरण तकनीशियन के पद के लिए आवेदन देती है जहाँ अब तक केवल पुरुष ही नियुक्त होते रहे हैं। इस पद के लिए उस महिला कर्मचारी का विचार केवल उसकी योग्यता के आधार पर किया जाएगा।
- ☑ एक आपूर्तिकर्ता बाल श्रम के उपयोग से ईटन के लिए पुर्जे बनवाते पाए जाते हैं। ईटन एक दूसरे आपूर्तिकर्ता से वे पुर्जे लेने लगा, हालाँकि ऐसा करने से लागत में बढ़त हुई।

# 4 गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सुपुर्दगी

हम गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं सेवाएँ देने के लिए प्रतिबध्द हैं।

गुणवत्ता हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की आधारशिला है और हमारी प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता के लिए आवश्यक है। हमारी गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का मतलब है कि :

- हम अपने दैनिक कार्य में गुणवत्ता को उच्च प्राथमिकता देते हैं और लगातार सुधार पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं।
- हम अपने ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरने या उनके पार जाने की दृष्टि से अपने उत्पादों की रूपरेखा तैयार करते, किसी स्रोत से माल प्राप्त करते तथा निर्माण करते हैं।
- हम अपनी सेवाएँ नवप्रवर्तन तथा ग्राहकों की ज़रूरतों पर ध्यान केंद्रित कर प्रदान करते हैं।
- हम सुनिश्चित करते हैं कि सभी आवश्यक निरीक्षण और परीक्षण किए गए हों और संबंधित अभिलेख पूर्ण, परिशुद्ध तथा सच्चे हों।
- हम हमारे उत्पादों की रूपरेखा इस प्रकार तैयार करते हैं कि वे सभी लागू सरकारी मानकों और नियमों का अनुपालन करें, और इनका निरंतर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हम नियमित रूप से परीक्षण करते रहते हैं।
- हम पूरी तरह से दोषमुक्त और त्रुटिमुक्त उत्पाद बनाने के परम लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हमारे काम पर लागू होने वाली गुणवत्ता नीतियों, कार्यप्रणालीयों व कार्यविधियों का अनुपालन करने के लिए हम वैयक्तिक तौर पर ज़िम्मेदार हैं।

## प्रश्न

**प्र. एक आपूर्तिकर्ता पहले भेजे हुए माल में से पुर्ज़े वापस मँगवा लिया क्योंकि वे विनिर्देशों को पूरा नहीं करते थे। इन पुर्ज़ों का इस्तेमाल कर बनाए गए उत्पाद भेजे जा चुके हैं, लेकिन मेरे पर्यवेक्षक कहते हैं कि हमें अपने ग्राहकों को इस बारे में सूचित करने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि यह आपूर्तिकर्ता की समस्या है। मुझे यह सही नहीं लगता, लेकिन मुझे समझ में नहीं आ रहा कि मुझे कुछ कहना चाहिए या नहीं। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** यदि आपको किसी उत्पाद की सुरक्षितता या गुणवत्ता के बारे में कोई चिंता है, तो इसे अपने आप तक ही न रखें। हालाँकि हम में से हर एक अपने-अपने कार्य के लिए ज़िम्मेदार है, सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी संयुक्त प्रतिबद्धता का मतलब है कि अगर हमें कोई चिंता हो, या हमें कुछ ऐसा करने को कहा जाए जो हमें अनुचित लगता हो, तो हमें यह व्यक्त करना चाहिए।

**प्र. मैं गुणवत्ता के लिए कैसे ज़िम्मेदार हो सकता/सकती हूँ जबकि उत्पाद की समय पर रवानगी कराने के लिए हर संभव प्रयास करने का दवाब हो?**

**उ.** गुणवत्ता के लिए हमारी प्रतिष्ठा बहुत ही महत्वपूर्ण है। भले ही हम सभी को समय-सीमा के अंदर कार्य पूरा करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि हम आपसे जोखिम उठाने या गुणवत्ता के साथ समझौता करने की अपेक्षा करते हैं। यदि आपको इस प्रकार का दबाव महसूस होता है, तो अपने स्थानीय पर्यवेक्षक या गुणवत्ता प्रबंधक से इस बारे में बात करें। यदि ऐसा करने में आपको संकोच होता है, तो एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क करें।

# उत्कृष्टता

## उदाहरण

### अनुचित

- ☒ एक सोर्सिंग परियोजना पर काम कर रहा एकमाल प्रबंधक देखता है कि एक प्रस्तावित आपूर्तिकर्ता ने आवश्यक गुणवत्ता प्रणाली आकलन में स्वीकार्य स्कोर प्राप्त नहीं किया है। समय-सीमा कम होने के कारण, वह इस उल्लंघन को अनदेखा करता है और अनुमोदित आपूर्तिकर्ताओं की सूची में उस आपूर्तिकर्ता का नाम जोड़ देता है।
- ☒ एक उत्पादन कर्मचारी देखता है कि ग्राहक द्वारा अभीष्ट एक त्रुटि-रोधक (एरर-प्रूफ़िंग) उपकरण काम नहीं कर रहा है। वह अपने पर्यवेक्षक से इस बारे में संपर्क करता है पर उससे कहा जाता है कि वह उपकरण वास्तव में आवश्यक नहीं है। अनिच्छा से, वह कर्मचारी वापस अपने काम पर चला जाता है, और उत्पादन जारी रहता है।

### उचित

- ☑ एक नए आपूर्तिकर्ता को सूची में जल्दी से जोड़ने के लिए एक कर्मचारी को वैश्विक सोर्सिंग प्रक्रिया में के कुछ चरणों को छोड़ देने को कहा जाता है। कोई भी कार्यवाही करने से पहले, और प्रतिशोध के भय के बिना, वह कर्मचारी स्थानीय गुणवत्ता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधकों को इसके बारे में पूछता है।
- ☑ एक पर्यवेक्षक देखता है कि उसकी माल-सूची में एक विशिष्ट प्रकार के पेंच की संख्या कम है। पास की उत्पादन लाइन पर उसी थ्रेड आकार के मगर उससे थोड़े छोटे पेंच का उपयोग किया जाता है। ग्राहक के लिए उत्पाद के महत्व को समझते हुए, निर्माण में वैकल्पिक पेंच का उपयोग करने से पहले वह पर्यवेक्षक इस लाइन के लिए ज़िम्मेदार उत्पाद और गुणवत्ता अभियंताओं को इस छोटे पेंच के उपयोग का मूल्यांकन करने, उचित प्रमाणीकरण परीक्षण पर निर्णय लेने, और निर्माण-बदलाव अभिलेखों को पूरा करने को कहता है।



# 5 नीतिगत स्पर्धा

**हम प्रतिस्पर्धात्मक सुअवसर सर्वोत्कृष्ट कार्य-निष्पादन द्वारा प्राप्त करते हैं। हम अनैतिक अथवा गैर-कानूनी उद्योग व्यवहारों को नहीं अपनाते।**

विपणन, विक्रय, खरीद या अधिग्रहण विभागों में काम कर रहे कर्मचारियों को अविश्वास और अन्य व्यापार कानूनों तथा नियमों के बारे में विशेष रूप से पता होना चाहिए। यह उन पर भी लागू होता है जो लोग व्यापार संघों में भाग लेते हैं, बेंच मार्किंग या उद्योग मानक स्थापना समूह के हिस्से हैं।

## प्रतिस्पर्धियों के साथ नैतिक बर्ताव

कर्मचारियों को निम्नलिखित व्यवहार करना टालना चाहिए :

- किसी प्रतिस्पर्धी के साथ मूल्य, लागत, उत्पादन, क्षमता, उत्पादों, सेवाओं, निविदा प्रथाओं, विक्रय प्रदेशों, वितरण माध्यमों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य असार्वजनिक व्यापारिक मामलों पर चर्चा करना;
- जिन क्षेत्रों में कंपनी अग्रणी है वहाँ ऐसी युक्तियाँ अपनाना जिनके कारण बाज़ार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाए, जैसे कि प्रतिस्पर्धा खत्म करने के लिए सीमांत लागत से कम दामों पर विक्रय करना, तथा अन्य परभक्षी व्यवहार करना;
- किसी प्रतिस्पर्धी के व्यापार रहस्य हासिल करने के लिए गलत तरीकों का उपयोग करना, जैसे कि चोरी करना, हथियाना, नकल बनाना या उन्हें हासिल करने के लिए धोख़ाधड़ी का उपयोग करना, या किसी अन्य पक्ष को ऐसा करने के लिए कहना;
- जानबूझ कर किसी प्रतिस्पर्धी के व्यापार रहस्यों का उपयोग करना; और
- नकारात्मक विक्रय करना, प्रतिस्पर्धियों की निन्दा करना और निराधार अफ़वाहें फैलाना।

ईटन के विधि विभाग के साथ परामर्श किए बिना तथा उचित स्तर के प्रबंधन से उपयुक्त प्राधिकरण के बिना, कर्मचारियों को निम्नलिखित व्यवहार नहीं करने चाहिए :

- संभाव्य विलय, अधिग्रहण, संयुक्त उद्यम या संयुक्त खरीद के गठन, विपणन या विकास समझौतों के बारे में प्रतिस्पर्धियों के साथ बातचीत;
- प्रतिस्पर्धियों को शामिल करते हुए मानदण्ड निर्धारण;
- उद्योग मानकों की स्थापना या व्यापार संघ गतिविधियों में प्रतिस्पर्धियों के साथ सहभाग; या
- प्रतिस्पर्धियों के साथ जानकारी का आदान-प्रदान।

## ग्राहकों के साथ नैतिक बर्ताव

जब तक ईटन के विधी विभाग से पूर्व-अनुमोदन प्राप्त न हो, कर्मचारियों को निम्नलिखित नहीं करना चाहिए :

- किसी ग्राहक से ईटन के किसी उत्पाद या सेवा को एक निश्चित कीमत पर या उससे अधिक कीमत पर पुनः विक्रय करने या किराये पर देने की माँग करना,
- ईटन के किसी उत्पाद या सेवा के विक्रय अथवा किराये पर देने के कार्य को ईटन के किसी दूसरे उत्पाद या सेवा की खरीद अथवा किराये पर देने के कार्य से जोड़ना,
- किसी ग्राहक के साथ एक विशिष्ट व्यवस्था में भागीदार बनना,
- ईटन के उत्पादों या सेवाओं के पुनः विक्रय या किराये पर देने का कार्य विशेष क्षेत्रों में ही करने के लिए ग्राहकों को परिमित करना,
- किसी उत्पाद या सेवा के पुनः विक्रय या किराये पर देने के कार्य को कुछ ग्राहकों के लिए ही परिमित करना, या
- समान माल के प्रस्तावित मूल्य अथवा छूट में प्रतिस्पर्धी ग्राहकों के बीच भेद-भाव करना।

ईमानदारी

## आपूर्तिकर्ताओं के साथ नैतिक बर्ताव

जब तक ईटन के विधी विभाग से पूर्व-अनुमोदन प्राप्त न हो, कर्मचारियों को निम्नलिखित नहीं करना चाहिए :

- किसी उत्पाद या सेवा की खरीद को किसी दूसरे उत्पाद या सेवा के पारस्परिक विक्रय से जोड़ना,
- किसी आपूर्तिकर्ता के साथ एक विशिष्ट व्यवस्था में भागीदार बनना, या
- किसी भी प्रकार के क्रय समूह या संगठन का गठन करना।

### प्रश्न

**प्र. क्या मैं किसी प्रतिस्पर्धी के नए उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए उनकी कंपनी में किसी पद के लिए आवेदन दे सकता/सकती हूँ?**

**उ.** नहीं, गोपनीय उत्पाद जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने इरादों को गलत ढंग से पेश करना अनुचित है और संभवतः अवैध भी। हमारे प्रतिस्पर्धी के उत्पादों के बारे में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी इकट्ठा करना ठीक है, अगर यह विधिवत् और पेशेवर तरीके से किया जाए। अगर आप इस प्रकार का व्यवसाय ज्ञान प्राप्त करने के बारे में कुछ प्रश्न पूछना चाहते हों, तो सलाह के लिए विधि विभाग से संपर्क करें।

**प्र. एक संभावित नए ग्राहक के एक कर्मचारी ने ईटन को एक बड़ा आर्डर देने की पेशकश की है अगर मैं उसके घर पर एक जनरेटर भेजने के लिए तैयार हो जाऊँ। मैं इस व्यापार को, या इस आर्डर को गँवाना नहीं चाहता/चाहती। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** उसे जनरेटर न दें। यह एक प्रकार की रिश्वतखोरी होगी, जो अधिकांश देशों में गैर-कानूनी है और ईटन की भ्रष्टाचार-विरोधी नीति के खिलाफ़ है। उस कर्मचारी को ईटन के साथ व्यापार करने के लाभों के बारे में बताएँ, और विचार करें कि क्या ग्राहक के दल में ऐसे अन्य कोई व्यक्ति हैं जो यह फैसला ले सकें कि हमारा प्रस्ताव बेहतर है।

**प्र. मेरे एक सहकर्मी कभी-कभी ग्राहकों को हमारे प्रतिस्पर्धी के उत्पादों के बारे में झूठा बयान देते हैं। उनका कहना है कि ग्राहकों को पता होता है कि वह विक्रय करने के लिए बढ़ा-चढ़ा कर बोल रहे हैं, लेकिन मुझे यह ठीक नहीं लगता। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** सबसे पहले, अपने सहकर्मी को याद दिलाएँ कि हम आपसी सम्मान और विश्वास के माध्यम से लंबे समय तक टिकने वाले स्थायी संबंध बनाते हैं। हम सर्वोत्कृष्ट कार्य-निष्पादन द्वारा और अपनी उत्पाद-चर्चाओं में ईमानदारी बरत कर व्यापार में लाभ कमाते हैं। यदि अपने सहकर्मी से इस बारे में बात करने में आपको संकोच होता है, तो अपने प्रबंधक या मानव संसाधन विभाग से इस बारे में चर्चा करें।

**प्र. हमारे प्रतिस्पर्धियों के यहाँ काम कर रहे कुछ दोस्तों के साथ मेरे अच्छे संबंध हैं। बाज़ार में क्या चल रहा है इस बारे में कभी-कभार चर्चा करना क्या गलत है?**

**उ.** अपने दोस्तों के साथ ऐसी बातचीत या गतिविधियाँ करना टालें जो अनुचित लग सकें, या जिनके परिणामस्वरूप, प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधि के आरोप लगने की संभावना हो। प्रतिस्पर्धियों के साथ व्यापार के बारे में बातचीत को प्रतिस्पर्धियों के बीच प्रतिस्पर्धा को अवैध नुकसान पहुँचाने के लिए किए जा रहे समझौते के रूप में देखा जा सकता है।

**प्र. मेरे पड़ोसी ने अभी-अभी हमारे प्रमुख प्रतिस्पर्धियों में से एक की कंपनी में अपनी नौकरी खो दी है। चूँकि अब वह उनके लिए काम नहीं करता, क्या मैं उससे उनके उत्पादों के बारे में सवाल पूछ सकता/सकती हूँ?**

**उ.** सवाल पूछने से पहले, सुनिश्चित करें कि आपके पड़ोसी यह समझते हैं कि आप कोई ऐसी जानकारी नहीं पूछ रहे हैं जो गुप्त हो, या उनके पूर्व नियोक्ता के साथ किसी गोपनीयता समझौते द्वारा संरक्षित की हुई हो।

## उदाहरण

### अनुचित

- ☒ एक प्रबंधक ग्राहकों के लिए मूल्य वृद्धि के बारे में दो प्रतिस्पर्धियों के साथ एक समझौते को मंजूरी देता है।
- ☒ ईटन का एक नया कर्मचारी अपने पुराने पासवर्ड का उपयोग करके अपने पूर्व नियोक्ता की वेबसाइट में प्रवेश कर गोपनीय डेटा देखता है।

### उचित

- ☑ एक विपणन प्रबंधक एक व्यापार संघ की बैठक में भाग लेता है, और चर्चा बाजार में मूल्य निर्धारण नियंत्रित करने की ओर मुड़ जाती है। वह घोषित करता है कि चर्चा अनुचित है और कमरे से बाहर निकल जाता है।
- ☑ एक प्रतिस्पर्धी कंपनी के अभियंता ईटन के साथ साक्षात्कार के दौरान अपने कार्य का वर्णन करते हुए एक नए उत्पाद के बारे में बताते हैं जो कि ईटन के लिए उपयोगी हो सकता है। अभियांत्रिकी पर्यवेक्षक अनुरोध करते हैं कि प्रतिस्पर्धी की यह जानकारी वे अपने तक सीमित रखें।



# 6 न्यायपूर्ण रोजगार-संबंधी व्यवहार और विविधता का सम्मान

हम ऐसे व्यवहारों द्वारा सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण कर्मचारी दल का सम्मान करने के लिए प्रतिबध्द हैं जो गुणों के आधार पर सभी कर्मचारियों को समान अवसर तथा न्यायपूर्ण बर्ताव प्रदान करते हैं। हम कार्यस्थल पर किसी प्रकार का उत्पीड़न या भेदभाव सहन नहीं करते।



हम लोगों के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने में हमारा विश्वास व्यक्त करने के लिए ईटन मूल्यों का उपयोग करते हैं।

हम एक ऐसे सर्व-समावेशी वातावरण को बढ़ावा देते हैं जो व्यक्तिगत मतभेदों का आदर करता है और नवप्रवर्तनशील कल्पनाओं और बेहतर निर्णयों की ओर ले जाने वाले अलग-अलग दृष्टिकोणों की कद्र करता है।

हम यह मानते हैं कि सभी कर्मचारियों को एक-दूसरे के साथ, और उनका कार्य करते समय उनके संपर्क में जो कोई भी आए उनके साथ, गरिमा और सम्मान के साथ पेश आना चाहिए।

हम योग्य व्यक्तियों के लिए समान रोजगार को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

# सर्व-समावेशी वातावरण

हम एक ऐसा वातावरण बनाए रखने का निरंतर प्रयास करते हैं जहाँ प्रत्येक व्यक्ति, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, लिंग, जाति, रंग, धर्म, नस्ल, आयु, राष्ट्रीय मूल, लैंगिक झुकाव, लैंगिक पहचान, विकलांगता, स्तर या पद पर ध्यान दिए बिना, अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर सकें और हर दिन महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

### प्रश्न

**प्र. मेरे पर्यवेक्षक मेरे सहकर्मियों का पक्ष लेते हैं क्योंकि वे एक ही धर्म के हैं। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** सबसे अच्छा होगा अगर आप अपने पर्यवेक्षक से इस बारे में बात करें, लेकिन यदि ऐसा करने में आपको संकोच होता है, तो अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रबंधक से बात करें।

**प्र. यहाँ एक अफ़वाह है कि हमारे प्रबंधक को एक बड़ी गलती छिपाने में मदद करने के बाद हमारे विभाग के एक अकाउंटेंट को पदोन्नत किया गया। क्या यह उचित है?**

**उ.** नहीं, यह ठीक नहीं है, लेकिन हो सकता है कि यह सिर्फ एक अफ़वाह हो। यदि आपका यह निष्कपट विश्वास है कि आपके प्रबंधक ने अनुपयुक्त कार्य किया है, तो अपनी चिंता के बारे में मानव संसाधन विभाग या किसी अन्य स्थानीय प्रबंधक से संपर्क करें। आपके खिलाफ़ किसी प्रकार का प्रतिशोध नहीं किया जाएगा।

**प्र. मेरी एक दोस्त एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में मेरे बराबरी के ही पद पर कार्यरत है, और उसका दावा है कि मुझे कम वेतन दिया जा रहा है। मुझे कैसे पता चलेगा कि यह सच है या नहीं?**

**उ.** यह संभव है कि आपकी दोस्त आपके समग्र मुआवज़ा पैकेज को ध्यान में नहीं ले रही हैं। यदि अपने मुआवज़े के बारे में आपको कोई प्रश्न है, तो अपने प्रबंधक से बात करें।

**प्र. मेरे प्रबंधक चाहते हैं कि हमारा दल मासिक उपस्थिति और गुणवत्ता के लक्ष्यों को प्राप्त करे। क्या यह उत्पीड़न नहीं है?**

**उ.** नहीं। जब कि आपके प्रबंधक से अपेक्षित है कि वे आपके साथ पेशेवर तरीके से व्यवहार करें, लेकिन आपसे एक निष्पक्ष और सुसंगत तरीके से निष्पादन लक्ष्यों को पूरा करने की माँग करना उत्पीड़न नहीं है।

## उदाहरण

### अनुचित

- ☒ एक पद पर नियुक्ति के लिए एक महिला कर्मचारी का विचार नहीं किया जाता क्योंकि उनकी मंगनी हो चुकी है और उनके धर्म के कारण वे विवाह के बाद काम जारी नहीं रख सकतीं।
- ☒ एक संयंत्र ने अपनी अभिरक्षा सेवाएँ एक छोटी-सी कंपनी को ठेके पर दी हैं। संयंत्र प्रबंधक को संदेह है कि अभिरक्षण कर्मचारियों में से कुछ को कानूनी रूप से देश में काम करने की अनुमति नहीं है, लेकिन वे इस बारे में कुछ नहीं करते।
- ☒ दो पड़ोसी देशों के कर्मचारियों के बीच खराब संबंध हैं। एक मानव संसाधन प्रबंधक उन में से एक देश में से क्रमचारियों को भर्ती करना टालते हैं क्योंकि इससे कार्यस्थल में ख़लल पड़ सकता है। स्थानीय कानून राष्ट्रीय मूल के आधार पर भर्ती-संबंधी निर्णय लेना निषिद्ध नहीं करते।
- ☒ एक पर्यवेक्षक कुछ कर्मचारियों को अपने सहकर्मियों की जातीयता के संदर्भ में अपमानजनक बातें करते हुए सुन लेते हैं, लेकिन उन्हें नज़रअंदाज़ कर देते हैं।

### उचित

- ☑ एक स्पष्ट शारीरिक विकलांगता वाला व्यक्ति एक पद के लिए आवेदन करता है और केवल उसकी योग्यता के आधार पर उसका विचार किया जाता है।
- ☑ एक महिला पर्यवेक्षक की तरक्की कर उसे उसकी योग्यता के आधार पर संयंत्र प्रबंधक बना दिया जाता है, भले ही कई पुरुष कर्मचारियों ने एक महिला के आधीन कार्य करने के बारे नापसंदी व्यक्त की हो।
- ☑ दो कर्मचारी मानव संसाधन विभाग को सूचित करते हैं कि उन्होंने एक सहकर्मी को एक अन्य सहकर्मी की ओर धमकी भरे इशारे करते देखा है। मानव संसाधन विभाग धमकी भरे इशारे करने वाले कर्मचारी को उपदेश देते हैं कि हिंसा, धमकी या धमकी भरे व्यवहार के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और कर्मचारी पर अनुशासनीय कार्यवाही की गई।
- ☑ एक प्रबंधक मानव संसाधन विभाग को सूचित करती हैं कि उनकी एक ईटन सहयोगी के साथ अंतरंगता है। वे चर्चा करते हैं कि क्या यह संबंध कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष हित-संघर्ष पैदा करता है और क्या कार्य-संबंधी पुनर्गठन या दोनो में से एक को किसी अन्य स्थान पर पुनः नियुक्त करने की ज़रूरत है।

# 7 हित-संघर्षों को टालना

हम ऐसे संबंधों या आचरण को टालते हैं जिनके कारण फैसले लेने की हमारी योग्यता प्रभावित हो, या हमारे वैयक्तिक हितों और ईटन के प्रति हमारी निष्ठा के बीच प्रत्यक्ष या परोक्ष संघर्ष पैदा हों। हम अन्यों के लिए या खुद के लिए अनुचित लाभ पाने हेतु ईटन में हमारे पद का इस्तेमाल नहीं करते। हम ऐसी किसी भी गतिविधि या संबंध में शामिल नहीं होते जो ईटन के साथ स्पर्धा करे।

एक हित-संघर्ष तब पैदा होता है जब आपका निजी हित या आचरण ईटन के सर्वोत्तम हित में कार्य करने की आपकी क्षमता को कमज़ोर बनाता है, या कमज़ोर बनाता प्रतीत होता है। भले ही इस तरह का निर्णय उचित हो, लेकिन लोगों के इस पर विश्वास करने की संभावना कम होती है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप ऐसी परिस्थितियों से बचें जहाँ आपकी निष्ठा विभाजित हो सकती है। हित-संघर्ष हमेशा स्पष्ट नहीं होते, और व्यक्तिगत स्थितियाँ अलग-अलग हो सकती हैं। संघर्ष के कुछ सामान्य प्रकार निम्नलिखित हैं।

## नौकरी से परे या अन्य कार्य

हालाँकि यह एक हित-संघर्ष का कारण न हो, फिर भी, किसी भी अन्य कंपनी या अपने खुद के व्यवसाय के लिए आपके द्वारा किया जाने वाला कोई भी काम ईटन में आपके रोजगार से बिल्कुल अलग होना चाहिए, और आपके कार्य-निष्पादन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। ईटन में अधिकतर पर्यवेक्षी या पेशेवर पदों के लिए यह निहित है कि हमारे कर्मचारी अपना पूरा समय ईटन के मामलों पर बिताएँगे और किसी अन्य नियोक्ता के लिए अलग से कार्य नहीं करेंगे। दूसरे काम का विचार करने से पहले, अपने पर्यवेक्षक का अनुमोदन प्राप्त करें।

## किसी आपूर्तिकर्ता या ग्राहक के लिए कार्य करना

ईटन के किसी आपूर्तिकर्ता या ग्राहक के लिए काम करना, चाहे वह एक कर्मचारी, परामर्शदाता या किसी अन्य पद के तौर पर हो, एक हित-संघर्ष का कारण है।

## ईटन से स्पर्धा करना

आप व्यक्तिगत तौर पर ऐसे किसी भी व्यापार या गतिविधि में भाग नहीं ले सकते जो किसी भी ईटन व्यापार या गतिविधि से स्पर्धा करता हो, चाहे वह एक कर्मचारी, परामर्शदाता या किसी अन्य पद के तौर पर हो।

## किसी अन्य व्यवसाय में स्वामित्व

कर्मचारी ईटन के किसी भी ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धी कंपनी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई भी वित्तीय हित के मालिक नहीं हो सकते क्योंकि ऐसा हित ईटन के साथ हित-संघर्ष का कारण होगा, या कारण प्रतीत होगा। इस दृष्टि से, वित्तीय हित का अर्थ है किसी अन्य व्यावसायिक संस्था के बकाया प्रतिभूति/पूंजीगत मूल्य के एक प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व। यदि आपको कोई भी शंका हो कि किसी निवेश को किस रूप में देखा जा सकता है, तो इस बारे में अपने पर्यवेक्षक के साथ चर्चा करें।

# संबंध



## शेयर ट्रेडिंग के उद्देश्यों से गोपनीय जानकारी का उपयोग करना

जिन कर्मचारियों को गोपनीय जानकारी का प्रवेश-अधिकार हो, उन्हें शेयर ट्रेडिंग के उद्देश्य से उस जानकारी का प्रयोग करने या उसे किसी और के साथ बाँटने की अनुमति नहीं है। वित्तीय लाभ के लिए गैर-सार्वजनिक जानकारी का उपयोग अवैध होने के साथ ही अनैतिक भी है, और ऐसा करने पर आपको और अन्य लोगों को अर्थदण्ड और कैद सहित, दीवानी या फौजदारी दंड भुगतना पड़ सकता है।

## परिवारजन और दोस्त

यदि आप, आपके पति/पत्नी, रिश्तेदार या करीबी दोस्त ईटन के किसी आपूर्तिकर्ता या संभाव्य आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, संभाव्य ग्राहक या किसी प्रतिस्पर्धी के लिए काम करते हैं, अथवा इनमें किसी भी प्रकार के वित्तीय हित रखते हैं, तो इसके कारण हित-संघर्ष पैदा हो सकते हैं। यदि आप किसी रिश्तेदार या करीबी दोस्त को ईटन में किसी भी पद पर काम करने के लिए नियुक्त करते हैं तो यह भी हित-संघर्ष का कारण होता है। यहाँ तक कि, ऐसी परिस्थितियाँ भी टाली जानी चाहिए जिनमें हित-संघर्ष हैं ऐसा प्रतीत हो। यदि आपका कोई रिश्तेदार या दोस्त किसी आपूर्तिकर्ता, संभाव्य आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, संभाव्य ग्राहक या किसी प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता हो, तो अपने पर्यवेक्षक को इस बारे में बताएँ ताकि संभाव्य समस्याओं पर चर्चा की जा सके और उन्हें टाला जा सके।

## बोर्ड की सदस्यता

ईटन के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के स्पष्ट अनुमोदन के बिना कोई भी कर्मचारी, ईटन की सहायक या संलग्नक कंपनियों को छोड़, वित्तीय लाभ के लिए कार्यरत किसी कंपनी के निदेशक बोर्ड या इसी तरह के किसी अन्य मंडल में किसी पद पर काम नहीं करेगा। ईटन की सहायक कंपनियों के लिए बोर्ड नियुक्तियाँ निर्धारित मार्गों के माध्यम से की जाती हैं। लाभ-निरपेक्ष बोर्डों या सामुदायिक संगठनों में सेवारत कर्मचारियों के लिए अध्यक्ष के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है। जो कर्मचारी लाभ-निरपेक्ष बोर्डों पर या सामुदायिक संगठनों में अपनी सेवा के लिए देयता संरक्षण चाहते हैं, उन्हें कार्यकारी उपाध्यक्ष और जनरल काउंसेल से संपर्क करना चाहिए।

## ईटन के ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं को उपहार देना या उनसे उपहार लेना

ईटन के ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं को अनुचित या अत्यधिक उपहार या मनोरंजन देना या उनसे ये लेना हित-संघर्षों का कारण बन सकते हैं। विशिष्ट मार्गदर्शन तथा प्रतिवेदन दायित्वों के लिए ईटन की उपहार और मनोरंजन नीति देखें।

**याद रखें :**

कोई समस्या उत्पन्न होने के लिए वास्तविक हित-संघर्षों का होना आवश्यक नहीं है। किसी संघर्ष के होने का आभास मात्र भी टाला जाना चाहिए। यदि आप अनिश्चित हैं कि इस क्षेत्र में आपको क्या करना चाहिए और क्या नहीं, तो मदद माँगें।



## प्रश्न

**प्र.** **अब जब मुझे ईटन में एक बढ़िया नौकरी है, मेरा परिवार मुझसे उम्मीद करता है कि मैं उन्हें भी ईटन में नौकरी पाने में मदद करूँ। वे मुझ पर भरोसा कर रहे हैं, और मेरे परिवार को बुरा लगेगा अगर मैं उन्हें कहूँ कि वे आवेदन नहीं दे सकते। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** सर्वश्रेष्ठ लोगों को आकर्षित करने की क्षमता पर ईटन की सफलता निर्भर करती है। अपने परिवार के सदस्यों को समझाएँ कि वे ईटन में पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, लेकिन उन्हें नियुक्त करने के निर्णय को आप प्रभावित नहीं कर सकते, न ही उनका पक्ष ले सकते हैं, या किसी भी हैसियत से व्यक्तिगत रूप से उनका पर्यवेक्षण कर सकते हैं। नियुक्ति के लिए उन्हें और लोगों के समान अवसर ही मिलेंगे।

**प्र.** **मैंने जिस महिला से शादी की है, उसके परिवार की हमारी एक प्रतिस्पर्धी कंपनी में काफी बड़ी हिस्सेदारी है। क्या इसका मतलब यह है कि मुझे ईटन में अपनी नौकरी छोड़नी पड़ेगी?**

**उ.** नहीं, ऐसा नहीं है। अपने पर्यवेक्षक के साथ अपनी स्थिति के बारे में चर्चा करें ताकि संभाव्य समस्याओं को टाला जा सके।

**प्र.** **एक आपूर्तिकर्ता के अध्यक्ष के साथ एक बड़े आर्डर पर बातचीत करते वक्त अध्यक्ष ने संकेत दिए कि अगर मैं ईटन का व्यापार जीतने में उनकी मदद करूँ तो वे मुझे एक कार और पर्याप्त वेतन वृद्धि के साथ उनकी कंपनी में स्थान दे सकते हैं। मैंने विनम्रतापूर्वक उनका प्रस्ताव अस्वीकार किया और उन्हें समझाया कि हम योग्यता के आधार पर आपूर्तिकर्ताओं का चयन करते हैं और उनके प्रस्ताव को स्वीकार करना अनुचित होगा। क्या मुझे किसी और को इस बारे में बताना चाहिए?**

**उ.** जी हाँ, अपने पर्यवेक्षक को तुरंत इस बारे में बताएँ, ताकि ऐसा प्रतीत न हो कि आप उस प्रस्ताव से प्रभावित हुए थे, और ईटन उस आपूर्तिकर्ता के साथ व्यापार करने पर पुनर्विचार कर सके।

## उदाहरण

### अनुचित

- ☒ एक प्रबंधक, बिना किसी को संभाव्य हित-संघर्ष के बारे में बताए, अपनी पत्नी के रेस्तरां से कंपनी दावत के लिए भोजन खरीदने को मंजूरी देता है।
- ☒ एक पर्यवेक्षक अपने दामाद को अपने अधीन कार्य करने के लिए नियुक्त करता है।
- ☒ एक कर्मचारी एक ऐसा व्यापार प्रारम्भ करता है जो ईटन से स्पर्धा करता हो।
- ☒ एक कर्मचारी को एक गोपनीय बैठक में पता चलता है कि ईटन एक कंपनी को खरीदने की योजना बना रहा है, और फिर वह उस कंपनी के शेयर खरीदता/खरीदती है।

### उचित

- ☑ एक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधक की पत्नी को एक आपूर्तिकर्ता द्वारा काम पर नियुक्त किया जाता है। प्रबंधक संभाव्य हित- संघर्ष का खुलासा करता है, और उचित कार्यवाही की जाती है।
- ☑ एक प्रशासनिक सहायक ईटन के त्रैमासिक विवरणों का प्रारूप देखता है। सहायक किसी को नहीं बताता कि विवरण में क्या है।
- ☑ एक पर्यवेक्षक अपने भतीजे को नियुक्त करने के फैसले से अपने को अलग रखता है और सुनिश्चित करता है कि भतीजा, अगर नियुक्त किया गया, तो पर्यवेक्षक के विभाग में काम नहीं करेगा।
- ☑ दल-प्रमुख के पद पर नियुक्त होने के बाद, एक कर्मचारी पर्यवेक्षक को बताती है कि उसकी एक सहकर्मी के साथ अंतरंगता है ताकि संभाव्य समस्याओं पर चर्चा की जा सके और उन्हें टाला जा सके।

# 8 परिसंपत्ति और जानकारी को संरक्षित करना

हम ईटन की संपदा, जानकारी और अवसरों को ईटन के व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त करते हैं न कि अनधिकृत प्रयोग हेतु। हम ईटन या अन्यों द्वारा हमें सौंपी गई जानकारी और कर्मचारी डेटा की गोपनीयता योग्य रूप से बनाए रखते हैं।

## भौतिक परिसंपत्ति

ईटन की संपत्ति को नुकसान, चोरी और दुरुपयोग से बचाते हुए उसकी रक्षा करने में मदद करना आपकी ज़िम्मेदारी है। ईटन की संपदा में सुविधाओं, उपकरणों, हाथ से चलाए जाने वाले उपकरणों, कार्यालयीन सामान और कम्प्यूटर जैसी भौतिक संपत्ति शामिल है।

आप निम्नलिखित के ज़रिए ईटन की भौतिक संपत्ति की रक्षा कर सकते हैं :

- उनका उचित तरह से उपयोग करके और जब उपयोग में नहीं हों तो उनकी रक्षा करके, जैसे कि हाथ से चलाए जाने वाले उपकरणों को एक सुरक्षित जगह पर भंडारित करके;
- इलेक्ट्रॉनिक प्रवेश-अधिकार कार्ड का केवल अधिकृत उपयोग करके;
- खोई हुई या चोरी हुई वस्तुओं के बारे में स्थानीय सुरक्षा विभाग को सूचित करके; और
- ईटन, उसके कर्मचारियों या उसकी संपत्ति के खिलाफ़ किसी ज्ञात या संदिग्ध आपराधिक गतिविधि या खतरे के बारे में कॉर्पोरेट सिक्युरिटी विभाग को अधिसूचित करके।

# विश्वास

### उदाहरण

#### अनुचित

☒ एक यंत्र ऑपरेटर यंत्र पर से कतरन इकट्ठी करके अपने निजी इस्तेमाल के लिए घर ले जाता है।

☒ एक कर्मचारी कंपनी की गाड़ी अपने पड़ोसी को उपयोग के लिए देता है।

☒ कर्मचारी अपने प्रबंधक के घास काटने के यंत्र की मरम्मत में मदद करने के लिए कंपनी के वेल्डिंग उपकरणों का उपयोग करते हैं।

#### उचित

☑ एक कर्मचारी एक नए सहकर्मी को कार्य सुरक्षा नियमों के बारे में बताता है और उपकरणों को सुरक्षित जगह पर रखने का तरीका समझाता है।

☑ एक कर्मचारी को अपने सहकर्मी को चोट पहुँचाने की धमकी देते हुए सुनकर, एक पर्यवेक्षक स्थानीय सुरक्षा और मानव संसाधन विभागों से संपर्क करता है।

☑ एक कर्मचारी अफवाहें सुनता है कि कुछ कर्मचारी स्थानीय कतरन व्यापारी को बेचने के लिए कतरन जमा कर रहे हैं। वह अपने पर्यवेक्षक के साथ इस पर चर्चा करता है।

## कम्प्यूटर तथा अन्य सूचना प्रणालियाँ

जानकारी बाँटने, प्रभावी रूप से संसूचन करने और विचारों के आदान-प्रदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों के उपयोग को ईटन प्रोत्साहित करता है। इलेक्ट्रॉनिक मेल (इंटरनेट और आंतरिक), टेलीफोन, सेल-फोन, वॉईस मेल, इलेक्ट्रॉनिक बुलेटिन बोर्ड, ब्लॉग, त्वरित संदेश, वीडियो कॉन्फ़रेन्स, फैक्स और सोशल मीडिया वेबसाइटों पर पोस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों के कुछ उदाहरण हैं।

ईटन में इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों का उपयोग व्यापारिक गतिविधियों के लिए नियत है। आकस्मिक निजी उपयोग की अनुमति है लेकिन सिर्फ तब तक जब तक कि ऐसा उपयोग कर्मचारी या किसी अन्य व्यक्ति के कार्य-निष्पादन में बाधा नहीं डालता, ईटन की इलेक्ट्रॉनिक संचार प्रणालियों को अनावश्यक रूप से प्रभावित नहीं करता, या इलेक्ट्रॉनिक संचार, डिजिटल कॉपीराइट या सोशल मीडिया नीतियों का उल्लंघन नहीं करता।

कर्मचारियों को प्रयोक्ता आईडी एक-दूसरे के साथ बाँटने नहीं चाहिए, न ही ऐसे किसी भी व्यक्ति को ईटन कम्प्यूटर, नेटवर्क, डेटा या प्रणालियों में अनधिकृत प्रवेश-अधिकार देना चाहिए जो ईटन द्वारा नियुक्त नहीं है।

नीचे ईटन के इलेक्ट्रॉनिक संचार, डिजिटल कॉपीराइट और सोशल मीडिया नीतियों के उल्लंघन के कुछ उदाहरण दिए हैं :

- एक परेशान करने वाले, आक्रामक, अश्लील या धमकी-भरे ढंग से संसूचन करना;
- ईटन के व्यवसायों से असंबद्ध वस्तुओं या सेवाओं का प्रचार करना;
- किसी भी प्रकार की याचना करना;
- श्रृंखला ई-मेल शुरू करना या आगे बढ़ाना;
- जालसाजी;
- इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों का अवैध प्रयोजनों के लिए उपयोग करना;
- कंपनी की गोपनीय जानकारी, जैसे कि नए उत्पाद चित्र या मूल्य-सूची, अनाधिकृत लोगो को देना;
- कंपनी की गोपनीय जानकारी, जैसे कि वित्तीय या अधिग्रहण-संबंधी घोषणाएँ, अनधिकृत संपत्ति अथवा वेबसाइटों पर बाँटना या संचित करना;
- ईटन संपत्ति पर अश्लील साहित्य डाउनलोड करना या संचित करना;
- ईटन संपत्ति पर बिना लाइसेंस के या अननुमोदित सॉफ्टवेयर प्रोग्राम या बिना लाइसेंस के डिजिटल मीडिया (ऑडियो या वीडियो फाइलें) संस्थापित करना;
- पीयर-टू-पीयर शेअरिंग साधनों के माध्यम से संसूचन करना और जानकारी बाँटना;
- ईटन की नेटवर्क या ई-मेल प्रणालियों में अनधिकृत हार्डवेयर या उपकरणों को जोड़ना।

सोशल मीडिया और अन्य संचार साधन जैसे जैसे विकसित हो रहे हैं, कर्मचारियों को क्या उचित है इस बारे में मार्गदर्शन के लिए ईटन की इलेक्ट्रॉनिक संचार और सोशल मीडिया नीतियों को समय समय पर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।





## प्रश्न

**प्र. क्या मैं मेरे ईटन कम्प्यूटर पर पीयर-टू-पीयर नेटवर्क का उपयोग करके सहकर्मियों के साथ फ़ाइलें बाँट सकता/सकती हूँ?**

**उ.** नहीं, पीयर-टू-पीयर नेटवर्क का उपयोग करके सहकर्मियों के साथ फ़ाइलें बाँटना अत्यधिक जोखिम भरा है क्योंकि इससे आपके कम्प्यूटर के गोपनीयता और अन्य नियंत्रणों को संभाव्य नुकसान की संभावना बढ़ जाती है। इन नियंत्रणों को खोने से आपके कम्प्यूटर और ईटन के नेटवर्क के लिए गोपनीयता भंगों, सेवा विघटन, चोरी और आपके तथा कंपनी के लिए देयता का कारण बन सकने वाली अन्य अवैध गतिविधियों का खतरा बढ़ जाता है।

**प्र. एक व्यापारिक दौरे पर मैंने एक यूएसबी फ्लैश ड्राइव पर एक ग्राहक प्रस्तुतिकरण को संचित किया था, और फिर वो फ्लैश ड्राइव खो गई। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** अपने पर्यवेक्षक के साथ इस बारे में चर्चा करें ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या जानकारी खोने की सूचना ग्राहक को देने की आवश्यकता है।

**प्र. जब मैं छुट्टी पर जाता हूँ तो क्या मेरी पत्नी को उसकी ई-मेल देखने के लिए ईटन कम्प्यूटर का उपयोग करने दे सकता हूँ?**

**उ.** किसी अन्य व्यक्ति को अपने ईटन कम्प्यूटर का उपयोग करने की अनुमति देना, चाहे यह केवल ई-मेल देखने के लिए ही क्यों न हो, उन्हें आपके कम्प्यूटर पर की हर फाइल और ई-मेल देखने का मौका देता है, और यह ठीक नहीं है। अच्छी निर्णय-क्षमता इस्तेमाल करें और निर्णय लेते समय इन सब जोखिमों को ध्यान में लें।

**प्र. बिजली न होने की परिस्थिति में ईटन के आपातकालीन जनरेटर से मुझे कैसे मदद मिली इस बारे में एक बाहरी चैट रूम में टिप्पणी देने के बाद, मुझे एक स्थानीय अख़बार ने अपनी कहानी बयान करने के लिए संपर्क किया। क्या यह ठीक है?**

**उ.** याद से अख़बार को सूचित करें कि आप एक ईटन कर्मचारी हैं और स्पष्ट करें कि जनरेटर के बारे में आप अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त कर रहे हैं। यह याद रखना आवश्यक है कि आज के इलेक्ट्रॉनिक युग में किसी इंटरनेट बुलेटिन बोर्ड पर जानकारी पोस्ट करना या किसी गैर-ईटन चैट रूम में टिप्पणी करना मीडिया से बात करने के बराबर ही है। यदि आप ईटन या उसके उत्पादों पर निजी सोशल मीडिया में सकारात्मक या नकारात्मक टिप्पणी करते हैं, तो आपको ईटन के कर्मचारी के रूप में अपनी पहचान स्पष्ट करना ज़रूरी है और साथ में यह बताना भी कि आपकी टिप्पणी आपकी निजी राय है। मार्गदर्शन के लिए ईटन की सोशल मीडिया नीति या उसके बाहरी संचार कार्य विभाग से परामर्श लें।

## उदाहरण

### अनुचित

☒ एक कर्मचारी माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सुइट का एक अननुमोदित संस्करण डाउनलोड करने के लिए, बिना पहले आईटी विभाग से परामर्श किए, ईटन कम्प्यूटर का उपयोग करता है।

☒ एक कर्मचारी एक सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट पर एक प्रस्तावित अधिग्रहण के बारे में जानकारी पोस्ट करता है।

☒ एक कर्मचारी एक ऐसी ई-मेल जिसमें कर्मचारियों के नाम और वेतन के विवरण हैं, अपने गैर-ईटन ई-मेल खाते में भेजती है।

### उचित

☑ जब एक कर्मचारी को अपने सहकर्मियों से एक श्रृंखला ई-मेल प्राप्त होती है, वह उन्हें इलेक्ट्रॉनिक संचार नीति की याद दिलाती है।

☑ एक कर्मचारी, जो घर से काम करने हेतु अपने घर के कम्प्यूटर पर ईटन की गोपनीय वित्तीय जानकारी की प्रतिलिपि रखते थे, जब उन्हें पता चलता है कि ऐसा करने की अनुमति नहीं है तो वे ऐसा करना बंद कर देते हैं।

## डेटा गोपनीयता और कर्मचारी-जानकारी की सुरक्षा

ईटन अपने कर्मचारियों की जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी की यह नीति है कि व्यक्तिगत जानकारी और डेटा जो संचारित, संचित या संसाधित किया जाता है, उसे अनधिकृत या अनभिप्रेत प्रकटीकरण से सुरक्षित रखा जाए, केवल वैध व्यापारिक प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किया जाए और विधि अनुसार उसका प्रयोग किया जाए। ईटन सुरक्षा उपायों और प्रवेश-अधिकार नियंत्रण प्रक्रियाओं के उपयोग से सुनिश्चित करता है कि व्यक्तिगत डेटा केवल उन्हीं लोगों को उपलब्ध होता है जिनकी किसी संबंधित कार्य में सीधी ज़िम्मेदारी हो, और जिन्हें उसे जानने की ज़रूरत हो। ईटन मानता है कि जिन देशों में वह व्यापार करता है, उन देशों में व्यक्तिगत डेटा के संबंध में विशिष्ट डेटा गोपनीयता कानून हैं, और ईटन इन कानूनों को पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कर्मचारी व्यक्तिगतता

कर्मचारियों को उनके भौतिक कार्यस्थल, जैसे कि लॉकर, क्यूबिकल, डेस्क, कार्यालय, फ़ाइल अलमारियाँ और टूल-बक्से, तथा वैयक्तिक जानकारी जो उनके फोन और कम्प्यूटर जैसे कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में संचित हो, के संबंध में व्यक्तिगतता का बुनियादी अधिकार होता है। परंतु, आंतरिक नीतियों और मानकों तथा स्थानीय कानूनों का अनुपालन करते हुए, ईटन कंपनी में प्रवेश करने पर कर्मचारी के व्यक्तिगत सामान का निरीक्षण करने और कंपनी की सम्पत्ति की तलाशी लेने के अधिकार को स्पष्ट रूप से सुरक्षित रखता है।

### उदाहरण

#### अनुचित

- ☒ मात्र जिज्ञासावश, एक पर्यवेक्षक एक अधीनस्थ कर्मचारी के डेस्क की जाँच करता है।
- ☒ दो प्रबंधक एक कर्मचारी की चिकित्सीय समस्या पर भोजन के समय चर्चा करते हैं।

#### उचित

- ☑ एक कर्मचारी को एक निष्पादन मूल्यांकन विवरण प्रतिलिपी मशीन पर छूटी हुई मिलती है, और वह उसे बिना पढ़े जिसकी है उसे लौटा देता है।
- ☑ एक नया प्रबंधक व्यक्तिगत डेटा को सही तरीके से संभालने के बारे में मानव संसाधन विभाग से संपर्क करता है।



## मालिकाना जानकारी

मालिकाना जानकारी के साथ ध्यानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। इसमे शामिल है ईटन की बौद्धिक सम्पत्ति, जैसे :

- प्रक्रियाएँ और सूत्र;
- व्यापारचिह्न;
- व्यापार रहस्य और उसकी बारीकियाँ;
- प्रकाशनाधिकृत करने योग्य सामग्री;
- व्यापार, विपणन और सेवा योजनाएँ;
- अभियांत्रिकी और विनिर्माण विचार;
- ईटन व्यापार प्रणाली सहित प्रणालियाँ;
- प्रारूप और चित्र;
- आंतरिक डेटाबेस;
- कर्मचारी-संबंधी अभिलेख;
- वेतन जानकारी; और
- अप्रकाशित वित्तीय डेटा और विवरण

ईटन की मालिकाना जानकारी का अनधिकृत उपयोग या प्रकटीकरण निषिद्ध है और यह अवैध अथवा विभिन्न गोपनीयता कानूनों या नियमों के अधीन हो सकता है।।

संवेदनशील जानकारी को भंडारित व सुरक्षित रखें और केवल ज़रूरत के आधार पर उपलब्ध करवाएँ, जिससे अनाधिकृत प्रवेश-अधिकार और उपयोग रोका जा सके या उसे हटाया न जा सके।

तृतीय पक्षों की मालिकाना जानकारी (जैसे पेटेंट, व्यापारचिह्न, व्यापार रहस्य और प्रकाशनाधिकृत सामग्री) के साथ भी इतनी ही सावधानी से व्यवहार करें, ताकि ईटन पर जानकारी का अनुचित प्रयोग, अतिक्रमण या दुरुपयोग करने के आरोप न लगें।



## प्रश्न

**प्र. हाल ही में हमारे संयंत्र में एक स्पिल की घटना हुई थी, जो हमारे समुदाय में काफी चर्चा का कारण बनी। मेरे पड़ोसी एक स्थानीय अख़बार के लिए काम करते हैं, और उन्होंने मुझे मेरी कहानी बयान करने के लिए कहा है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** विनम्र रहें, लेकिन उन्हें बताएँ कि कंपनी के नियुक्त प्रवक्ता हैं जो जानकारी देने के लिए उनसे संपर्क करेंगे। फिर अपने संयंत्र प्रबंधक को बताएँ ताकि वे संचार विभाग से चर्चा कर सकें कि क्या जवाब देना है।

## उदाहरण

### अनुचित

☒ एक भीड़ वाली ट्रेन में एक कर्मचारी अपने मोबाइल फोन पर बड़े विस्तार से एक गोपनीय नए उत्पाद के प्रारूप के बारे में बात करता है।

☒ घर से कार्य करते हुए, ईटन का एक अभियंता एक ईटन उत्पाद को सुधारित करता है और वह सिद्धांत चुपके से एक ईटन ग्राहक को पेश करता है।

### उचित

☑ एक कर्मचारी संयंत्र के लिए ऊर्जा की बचत करने के लिए एक सुझाव देता है। इस सुझाव पर विचार कर उसे कार्यान्वित किया जाता है।

☑ एक पर्यवेक्षक एक नए कर्मचारी को ध्यान दिलाते हैं कि ईटन में कार्य निष्पादित करते समय वे अपने पूर्व नियोक्ता की गोपनीय जानकारी का उपयोग न करें।

# 9 सत्यनिष्ठ आचरण करना

हम रिश्वत, प्रलोभन या अनुपयुक्त उपहार या मनोरंजन न देते हैं न सवीकार करते हैं। हम उन्हीं व्यापारिक प्रथाओं को अपनाते हैं जो हमारी नीतियों और मूल्यों के साथ संगत हों।

## भ्रष्टाचार-विरोधी नियम

नया काम पाने या काम बनाए रखने के इरादे से या अनुचित लाभ उठाने के लिए रिश्वत, प्रलोभन या अन्य भ्रष्ट कार्यों का निषेध करने वाले भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों का पालन करने के लिए ईटन प्रतिबद्ध है। अधिकांश देशों में ऐसे कानून लागू हैं। कुछ मामलों में, जैसे कि अमरीका का विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम और यू के का रिश्वतखोरी अधिनियम, ये कानून दुनिया भर में ईटन के आचरण पर लागू होते हैं। ये दोनों कानून ईटन कर्मचारियों के लिए, तथा जहाँ भी ईटन व्यापार करता हो वहाँ ईटन की ओर से काम करने वाले किसी भी व्यक्ति या कंपनी के लिए, रिश्वत देना निषिद्ध करते हैं।

भ्रष्टाचार-विरोधी कानून सरकारी अधिकारियों, राजनीतिक पक्षों या अधिकारियों, सरकारी कार्यालय के लिए उम्मीदवारों, और कुछ मामलों में, किसी निजी कंपनी या व्यक्ति को, उनके कार्यों या निर्णयों को प्रभावित करने के भ्रष्ट उद्देश्य से, कोई भी मूल्य की चीज देने, या देने के प्रस्ताव देने को अपराध मानते हैं। इन कानूनों का उल्लंघन ईटन और ईटन कर्मचारियों के लिए, कैद की सज़ा और काफ़ी अर्थदंड और जुर्मानों समेत, दीवानी या फौजदारी जवाबदेही, या दोनों, का कारण हो सकता है।

## रिश्वत, प्रलोभन या अन्य भ्रष्ट अदायगियाँ दुनिया भर में निषिद्ध हैं

ईटन कर्मचारियों के लिए किसी भी हालत में, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी भी प्रकार की रिश्वत, प्रलोभन या अन्य भ्रष्ट अदायगी, या मूल्य की कोई भी वस्तु, सरकारी एजंसियों, वैयक्तिक सरकारी अधिकारियों, निजी कंपनियों या उन निजी कंपनियों के कर्मचारियों समेत, किसी भी व्यक्ति या संगठन को पेश करना, देना, या उनसे माँगना और प्राप्त करना निषिद्ध है।

रिश्वत, प्रलोभन और अन्य भ्रष्ट अदायगियों पर यह निषेध दुनियाभर में लागू है – बिना किसी अपवाद के और कथित व्यवहारों, स्थानीय प्रथाओं या प्रतिस्पर्धी स्थितियों की परवाह किए बिना। यह ईटन की ओर से काम कर रहे सभी विक्रय एजंटों, प्रतिनिधियों, सलाहकारों, वितरकों और अन्य व्यापार भागीदारों, तथा साथ ही साथ संयुक्त उद्यमों पर भी समान रूप से लागू होता है। ईटन की ओर से व्यापार संचालित करते समय प्रतिनिधियों, सलाहकारों, दलालों, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं, संयुक्त उद्यमों या संलग्नक कंपनियों अथवा ईटन की ओर से काम करने वाले अन्य किसी भी मध्यस्थ या एजंट समेत, सभी व्यापार भागीदारों से लागू भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

अधिक मार्गदर्शन के लिए ईटन की विश्वव्यापी भ्रष्टाचार-विरोधी नीति देखें।

# सम्मान

## प्रश्न

**प्र. मैं एक सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी के साथ बहुत व्यापार करता/करती हूँ। क्या इस कंपनी के कर्मचारियों को सरकारी अधिकारी माना जाता है?**

**उ.** हाँ। सरकारी अधिकारी की परिभाषा व्यापक है और राज्य के स्वामित्व वाले उपक्रमों के कर्मचारी भी इसमे शामिल हैं। पूरी परिभाषा के लिए भ्रष्टाचार-विरोधी नीति देखें।

**प्र. मैंने एक अफ़वाह सुनी है कि हमारे एक एजंट भ्रष्ट व्यावसायिक प्रथाएँ अपना सकते हैं, लेकिन मुझे स्पष्ट रूप से कुछ नहीं पता। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** अपने एजंटों के अनुचित व्यवहार के बारे में अफ़वाहों या आरोपों पर ध्यान दें। ईटन उनके आचरण के लिए उत्तरदायी हो सकता है, भले ही हमने इस तरह का आचरण अनुमोदित न किया हो, या हमें इसके बारे में पता न हो। प्रस्तावित एजंटों के साथ व्यापार करने से पहले उनकी अखंडता की जाँच करना ज़रूरी है। एजंटों के साथ हमारे लिखित अनुबंध ऐसे होने चाहिए जो हमें उनकी गतिविधियों का लेखा-परीक्षण करने का, उनके द्वारा कानूनों के अनुपालन की पुष्टि करने का, और यदि वे भ्रष्ट व्यावसायिक प्रथाएँ अपनाते हैं तो उनके साथ का अनुबंध समाप्त करने का, अधिकार दें। आगे की कार्यवाही पर सलाह के लिए विधि विभाग से संपर्क करें।

**प्र. मैं एक ऐसे देश में एक सलाहकार नियुक्त करना चाहता हूँ जहाँ भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। मैं कैसे सुनिश्चित कर सकता हूँ कि यह सलाहकार, ईटन की ओर से काम करते हुए, हमारी नीतियों और मूल्यों का पालन करेगा?**

**उ.** तृतीय-पक्षीय सलाहकारों को नियुक्त करने से पहले उनके कौशल, प्रतिभा और उनके दायित्वों को पूरा करने के लिए उनके संसाधनों का मूल्यांकन करने के लिए, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि ईटन की ओर से कार्य करते समय वे सत्यनिष्ठ आचरण करेंगे, ईटन पर्याप्त उपयुक्त प्रयास करता है। ईटन की ओर से व्यापार का संचालन करने के लिए किसी सलाहकार या अन्य तृतीय-पक्ष को नियुक्त करने से पहले सहायता के लिए विधि विभाग से संपर्क करें।

**प्र. रिश्वत क्या है?**

**उ.** रिश्वत वो पैसे या मूल्य की कोई वस्तु (जैसे सेवाएँ या उपहार) है जो किसी तृतीय-पक्ष का निर्णय या आचरण प्रभावित करने, या कोई वांछित परिणाम या कार्यवाही उत्पन्न करने के उद्देश्य से अनैतिक या अवैध रूप से पेश की या दी जाती है।

**प्र. प्रलोभन क्या है?**

**उ.** प्रलोभन रिश्वत का एक विशेष रूप है। यह वह पैसा, शुल्क, दलाली या मूल्य की कोई भी वस्तु होती है, जो किसी अनुबंध, परियोजना या अन्य उपक्रम के संबंध में, अनुचित ढंग से पक्षपाती बर्ताव प्राप्त करने, या ऐसे बर्ताव के बदले में दी जाए। प्रलोभन का एक उदाहरण है किसी आपूर्तिकर्ता द्वारा ईटन के कर्मचारी को उस आपूर्तिकर्ता को ठेका देने के बदले में उसे ईटन से मिलने वाले पैसों में से कुछ हिस्सा देने को तैयार होना।

**प्र. एक ग्राहक प्रतिनिधि एक दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता करने के लिए तैयार है, लेकिन इस शर्त पर कि हम ग्राहक को हर 1,000 पुर्ज़ों के खरीद मूल्य पर एक प्रतिशत की छूट देने के लिए सहमत हों। मैं समझता हूँ कि प्रलोभन गलत हैं, लेकिन क्या छूट के लिए सहमत होना स्वीकार्य होगा?**

**उ.** ऐसे अवसर होते हैं जब ग्राहक को खरीद की मात्रा पर आधारित, खरीद मूल्य पर छूट देना स्वीकार्य होता है, लेकिन तभी जब ऐसी छूट स्थानीय कानून द्वारा अनुमोदित हो, सही ढंग से हिसाब में लिखी जाए और सीधे ग्राहक कंपनी को अदा की जाए, न कि वैयक्तिक रूप से कंपनी के उस प्रतिनिधि को। अगर कोई ग्राहक व्यापार देने के बदले में आपसे खरीद मूल्य का कुछ हिस्सा उन्हें व्यक्तिगत रूप से देने को कहतीं हैं, तो यह एक प्रलोभन होगा और गलत होगा। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि ऐसे अनुरोध उचित हैं या नहीं, तो इनके बारे में विधि विभाग से संपर्क करें।

**प्र. मुझे एक ग्राहक के आर्डर के बदले में एक मनोरंजन उद्यान की सैर करवाने के लिए कहा गया। मैने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया और हमें आर्डर भी प्राप्त हो गया। क्या फिर भी मुझे इस बारे में किसी को बताना चाहिए?**

**उ.** हाँ, ऐसी कोई भी घटना होने पर अपने पर्यवेक्षक को इस बारे में बताना हमेशा ही अच्छा होता है, ताकि उस ग्राहक के साथ आगे चलकर समस्याओं का टाला जा सके।

**प्र. अगर ईटन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचने का खतरा हो, तो क्या ईटन व्यापार का अवसर छोड़ देगा?**

**उ.** हाँ, हम ऐसा ही करेंगे। सत्यनिष्ठा के लिए हमारा नाम अत्यंत महत्वपूर्ण है और किसी व्यापारिक अवसर के लिए, चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, हम उसे दाँव पर नहीं लगा सकते।





## उदाहरण

### अनुचित

☒ ईटन एक ऐसे देश की कंपनी में एक व्यापारिक हित अर्जित करता है जहाँ भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर फैला हुआ है, कंपनी की व्यावसायिक प्रथाओं या ईमानदारी के लिए नाम हेतु किसी भी प्रकार की समीक्षा या विचार किए बिना।

☒ एक प्रबंधक एक मरम्मत और रखरखाव विक्रेता से संतोषजनक विक्रेता मूल्यांकन टिप्पणियों के बदले में कम कीमत पर अपने घर की मरम्मत करने को कहता है।

### उचित

☑ ईटन के एक विक्रय प्रबंधक और एक बड़े सरकारी ठेकेदार के बीच कई महीनों की उच्च-लागत तथा बहुत अधिक समय लेने वाली बातचीत के बाद, ईटन को ठेका मिल जाता है। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले, ठेकेदार के दल का एक सदस्य विक्रय प्रबंधक से रिश्वत की माँग करता है। प्रबंधक मार्गदर्शन के लिए तुरंत अपने पर्यवेक्षक और विधि विभाग से संपर्क करती हैं। प्रबंधक रिश्वत माँगने वाले व्यक्ति के पास जाती हैं और रिश्वत देने से मना कर देती हैं। वे ईटन के व्यापार को उचित रूप से करने की प्रतिबद्धता पर ज़ोर देती हैं और ईटन की गुणवत्ता, प्रौद्योगिकी और सेवा क्षमताओं से मिलने वाले लाभों के बारे में उस व्यक्ति को याद दिलाती हैं। प्रबंधक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करती है, लेकिन बिना किसी प्रकार की अदायगी के। अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाते हैं।

☑ एक आपूर्तिकर्ता ईटन आपूर्ति श्रृंखला के एक कर्मचारी को आपूर्तिकर्ता अनुमोदन प्रक्रिया को जल्दी पूरी करने के लिए नकद भुगतान की पेशकश करते हैं। आपूर्ति श्रृंखला के कर्मचारी विनम्रतापूर्वक प्रस्ताव अस्वीकार करते हैं और तुरंत अपने पर्यवेक्षक को रिश्वत देने की कोशिश के बारे में सूचित करते हैं।

## उपहार और मनोरंजन

आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और व्यावसायिक सहकारियों के साथ सद्भावना बनाने और कामकाजी संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्यों से कुछ पैमाने पर व्यावसायिक उपहारों एवं मनोरंजन का प्रयोग किया जाता है। यह देखते हुए, उपहार, मनोरंजन या यात्रा भेंट करते या प्राप्त करते समय कर्मचारियों के मार्गदर्शन के लिए ईटन ने एक विश्वव्यापी उपहार और मनोरंजन नीति स्थापित की है। कर्मचारियों के लिए सरकारी अधिकारियों और सरकारी संस्थाओं के कर्मचारियों के साथ व्यापार या व्यापारिक चर्चाएँ करते समय इस नीति का पालन करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

## उपहार देना या लेना

सामान्यतः, ईटन के कर्मचारी उपहार दे या ले सकते हैं बशर्ते कि यह उपहार वैध है और :

- ऐसा आभास नहीं पैदा करता कि उपहार देनेवाला अधिमान्य बर्ताव का हकदार है;
- सार्वजनिक रूप से प्रकट किए जाने पर यह ईटन को या व्यापारिक भागीदार को उलझन में न डाले;
- स्थानीय प्रबंधन द्वारा स्थापित आवश्यकताओं, यदि हों तो, का अनुपालन करता है; और
- विश्वव्यापी उपहार और मनोरंजन नीति के अनुसार अनुमोदित है और ज़ाहिर किया गाया है।

---

सरकारी अधिकारियों या सरकारी संस्थाओं के कर्मचारियों को उपहार देना जटिल कानूनों और नियमों के अधीन है। जो कर्मचारी सरकारी कर्मचारियों या अधिकारियों के साथ काम करते हैं उन्हें विश्वव्यापी उपहार और मनोरंजन नीति का पालन करना आवश्यक है।

---

### प्रश्न

**प्र. क्या एक औपचारिक समारोह के भाग के रूप में मुझे उपहार स्वीकार करने की अनुमति है?**

**उ.** आप औपचारिक समारोह में उपहार स्वीकार कर सकते हैं बशर्ते कि वह उपहार रिश्वत या प्रलोभन के रूप में न समझा जा सके और किसी भी कानून का उल्लंघन न करता हो। कई बार किसी औपचारिक समारोह में आपको ऐसा उपहार भेंट किया जा सकता है जो ईटन की विश्वव्यापी उपहार और मनोरंजन नीति के तहत उचित न हो, लेकिन उसे लेने से मना करना अव्यावहारिक या अपमानजनक लग सकता है। अगर आपको ऐसा कोई उपहार दिया जाता है, तो तुरंत अपने प्रबंधक को उपहार के बारे में सूचित करें ताकि उचित प्रतिक्रिया पर विचार किया जा सके।



**प्र.** **क्या किसी आपूर्तिकर्ता को गोल्फ़ या किसी अन्य खेल के लिए मुझे साथ ले जाने को कहना उचित है?**

**उ.** उपहारों, ईनामों, अनुग्रहों या ऐसी अन्य वस्तुओं की माँग करना जो आपके लिए वैयक्तिक रूप से लाभदायी हों, कभी भी उचित नहीं है, चाहे उनका मूल्य जो भी हो।

**प्र.** **मैं आपूर्ति श्रृंखला कार्य-विभाग में काम करता हूँ और हमारे एक आपूर्तिकर्ता के साथ मेरे घनिष्ठ संबंध हो गए है। यह जानकर कि मेरा बेटा कॉलेज की छुट्टी में घर पर है, आपूर्तिकर्ता ने उसे गर्मियों में अपने पास काम पर रखने की पेशकश की है। क्या मुझे इस प्रस्ताव को ठुकरा देना चाहिए?**

**उ.** हाँ। इस प्रस्ताव को ठुकराने के लिए दो कारण हैं। पहला, रोजगार की पेशकश एक लाभ है जो एक उपहार के तौर पर देखी जा सकती है, और ऐसा आभास पैदा कर सकती है कि आपूर्तिकर्ता आपसे अधिमान्य व्यवहार प्राप्त करने के हकदार हैं। दूसरी बात, यदि भविष्य में आप उस आपूर्तिकर्ता को नया काम देते हैं, तो ऐसा प्रतीत हो सकता है कि आपके बेटे को रोजगार देने के बदले में आपने उन्हें यह काम दिया।

**प्र.** **मैं खुद ही मेरे घर के स्नानघर को नए तरीके से बना रहा हूँ, और ईटन के एक ठेकेदार ने निर्माण सामग्री पर छूट प्राप्त करने के लिए मुझे अपना खाता नंबर देने की पेशकश की है। चूँकि यह मेरे घर पर मेरा व्यक्तिगत काम है, क्या मैं ठेकेदार की छूट का उपयोग कर सकता हूं?**

**उ.** छूट नकदी उपहार के बराबर होती हैं जो हमारी नीति के तहत स्वीकार्य उपहार नहीं हैं।

## निम्नलिखित लेना या देना कभी भी उचित नहीं है :

- नकद या नकद के बराबर के उपहार;
- ऐसे उपहार जो स्थानीय कानून द्वारा निषिध्द हैं;
- रिश्वत, अदायगी, या प्रलोभन के तौर पर दिए गए उपहार;
- ऐसे उपहार जो आप जानते हैं कि व्यापारिक भागीदार के संगठन द्वारा निषिध्द किए गए है; और
- सेवाओं या अन्य गैर-नकदी लाभों के तौर पर दिए गए उपहार।

## उदाहरण

### अनुचित

☒ एक कर्मचारी ईटन के एक विक्रेता द्वारा आयोजित कार्य के बाद की पार्टी में हवाई जाने के लिए दो वापसी-हवाई टिकट जीतती है। कर्मचारी इस बारे में अपने पर्यवेक्षक को नहीं बताती है और टिकटों का उपयोग कर लेती है।

### उचित

☑ एक संयंत्र प्रबंधक एक स्थानीय सरकारी अधिकारी की सेवानिवृत्ति मनाने के लिए उन्हें एक उपहार देना चाहते हैं। प्रबंधक उस अधिकारी के कार्यालय से संपर्क करते हैं और उन्हें पता चलता है कि अधिकारी एक मौद्रिक सीमा तक का ही उपहार स्वीकार कर सकते हैं। संयंत्र प्रबंधक कंपनी की दुकान से मौद्रिक सीमा के भीतर की एक छोटी-सी ईटन-लोगो से चिह्नित वस्तु खरीदते हैं।

## मनोरंजन

जो कर्मचारी मनोरंजन पेश या स्वीकार करने के पदों पर हैं, उन्हें स्वयं को ईटन की विश्वव्यापि उपहार और मनोरंजन नीति और लागू कानूनों से परिचित करवाना आवश्यक है। वह मनोरंजन जिसमे ईटन के कर्मचारी भाग ले रहें हों :

- कभी-कभार होना चाहिए और विश्वव्यापी यात्रा खर्च नीति के अनुसार होना चाहिए;
- अनुकूल होना चाहिए और योग्य व्यापारिक स्थल पर घटित होना चाहिए;
- व्यापारिक प्रसंग के संदर्भ में उचित और योग्य होना चाहिए;
- रिश्वत, अदायगी या प्रलोभन, या किसी अन्य प्रकार से अवैध नहीं होना चाहिए;
- ऐसा आभास नहीं पैदा करना चाहिए कि ईटन या व्यापारिक भागीदार अधिमान्य बर्ताव का हकदार है; और
- विश्वव्यापी उपहार और मनोरंजन नीति के अनुसार अनुमोदित और ज़ाहिर किया गया होना चाहिए।

### प्रश्न

**प्र. क्या किसी खेलकूद के कार्यक्रम में किसी ग्राहक के साथ जाना उपहार और मनोरंजन नीति के तहत उपहार या मनोरंजन माना जाएगा?**

उ. यदि आप ग्राहक के साथ जाते हैं, तो यह मनोरंजन माना जाएगा। अगर आप ग्राहक को टिकट देते हैं, तो टिकटों को उपहार माना जाएगा। दोनों मामलों में, ऐसा उपहार या मनोरंजन उपहार और मनोरंजन नीति के तहत है।

**प्र. मैं एक ऑर्केस्ट्रा प्रदर्शन के लिए मेरे एक ग्राहक को अपने साथ ले जाना चाहता हूँ, लेकिन मैंने सुना है कि उसकी कंपनी 20 यूरो से ऊपर के मनोरंजन की अनुमति नहीं देती। अगर वह जाने के लिए सहमत हैं, तो मैं उसे प्रदर्शन में ले जा सकता हूँ?**

उ. यदि टिकट का मूल्य 20 यूरो से अधिक है, तो उन्हें अपने साथ प्रदर्शन के लिए ले जाना उचित नहीं है। ऐसे उपहार या मनोरंजन न दें जो आप जानते हैं कि प्राप्तकर्ता के संगठन द्वारा निषिध्द किए गए हैं।

### उदाहरण

#### अनुचित

☒ एक आपूर्तिकर्ता एक ईटन कर्मचारी को बार-बार हो रहे गुणवत्ता मुद्दों को सुधारने के लिए अपने संयंत्र जाने के लिए हवाई-जहाज के टिकट देने का प्रस्त्व देता है। इन गुणवत्ता मुद्दों के कारण हो रही असुविधा के एवज में आपूर्तिकर्ता कर्मचारी को दो दिन लास वेगास में सभी-भुगतान-प्रदत्त ठहराव उपलब्ध कराता है।

#### उचित

☑ एक परियोजना के पूरा होने का जश्न मनाने के लिए आप एक ग्राहक को रात के खाने और थिएटर जाने के लिए आमंत्रित करते हैं और उनके साथ जाते हैं।

## उपहार प्रकटीकरण और सूचना साधन

ईटन में उपहार और मनोरंजन प्रथाओं के संबंध में पारदर्शिता के लिए, कुछ उपहार, मनोरंजन और यात्राओं को उपहार प्रकटीकरण और सूचना साधन के माध्यम से ज़ाहिर किया जाना चाहिए। यह उपहार प्रकटीकरण और सूचना साधन जे ओ ई के माध्यम से उपलब्ध एक ऑनलाइन साधन है।

### प्रश्न

**प्र. मैं उपहार और मनोरंजन गतिविधियों का प्रकटीकरण कैसे करूँ यदि मुझे उपहार प्रकटीकरण और सूचना साधन का प्रवेश-अधिकार नहीं है?**

उ. अपने प्रबंधक को बताएँ जो यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि ऐसी गतिविधियों के बारे में जानकारी एकत्रित और प्रकटीकरण साधन के माध्यम से सूचित की जाए।

**प्र. क्या कोई पर्यवेक्षक अपने कर्मचारियों के लिए उपहार और मनोरंजन नीति से कठोर आवश्यकताओं को स्थापित कर सकते हैं?**

उ. हाँ।

सरकारी अधिकारियों या सरकारी संस्थाओं के कर्मचारियों को मनोरंजन और यात्रा भेंट करना जटिल कानूनों और नियमों के अधीन है। जो कर्मचारी सरकारी कर्मचारियों या अधिकारियों के साथ काम करते हैं उन्हें विश्वव्यापी उपहार और मनोरंजन नीति का पालन करना आवश्यक है।

निम्नलिखित मनोरंजन लेना या देना *कभी भी* उचित नहीं है :

- "वयस्क" मनोरंजन, या ऐसा कोई कार्यक्रम जिसमें नग्नता या अश्लील आचरण शामिल हो, भले ही इस तरह के मनोरंजन सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य हों;
- ऐसा मनोरंजन जिसे देने या जिसमें भाग लेने की व्यापारिक भागीदार को अनुमति नहीं है; और
- ऐसा मनोरंजन जो स्थानीय प्रबंधन या लागू कानून द्वारा अन्यथा प्रतिबंधित हो।

# 10 सरकारों को बेचना

हम ऐसे विशिष्ट कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करते हैं जो सरकारी ठेकों या सरकारी व्यक्तियों के साथ संबन्धों के बारे में हों।





जो कर्मचारी ऐसे विपणन, विक्रय, ठेके या परियोजनाओं पर काम करते हैं जिनमें सरकार शामिल है, उन्हें निम्नलिखित करना आवश्यक है :

- सुनिश्चित करना कि दस्तावेज़ विशेष सरकारी आवश्यकताओं के अनुसार रखे जाएँ;
- लेखा प्रक्रियाओं का पालन करना जिनमें शामिल हैं (लेकिन सीमित नहीं) प्रक्रियाएँ जो सुनिश्चित करती हैं कि लागत और मूल्य निर्धारण डेटा, जहाँ आवश्यक हो, वर्तमान, परिशुद्ध, पूर्ण, उचित तरह से ज़ाहिर, अभिलिखित और उपयुक्त फ़ाइलों में संचित किया गया है;
- उप-ठेकेदारों, सलाहकारों, विक्रय प्रतिनिधियों, वितरकों और स्वतंत्र ठेकेदारों से कानूनों और नियमों के पालन की माँग करना;
- सरकारी ठेकों और सरकारी कर्मियों के साथ व्यवहार से संबंधित ईटन नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी रखना और उनका पालन करना; और
- अधिकृत करने वाले सरकारी अधिकारी से लिखित अनुमोदन के बिना ठेके पर लिए माल और सेवाओं को बदलना, या अनुबंध में संविदित आवश्यकताओं से अलग कुछ करना टालना।

सरकारी ठेकों की आवश्यकताओं का उल्लंघन करने के ईटन और शामिल कर्मचारियों के लिए बहुत गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इन परिणामों में दीवानी और/या फौजदारी दंडविधान, और सरकारी ठेकों पर आगे काम करने से ईटन पर प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं।

## सरकारी ठेके

दुनिया भर में कई केन्द्रीय, राजकीय और स्थानीय सरकारों ने अधिप्राप्ति के लिए विशिष्ट कानून और नियम बनाए हैं। सभी सरकारी ठेकों के लिए कर्मचारियों को लागू कानूनों और नियमों का पालन करना आवश्यक है।

कोई सरकार विशेष व्यावहारिक नियम लागू कर सकती है जो स्वीकार्य वाणिज्यिक प्रथाओं से अलग और उनसे अधिक कठोर हो सकते हैं। निम्नलिखित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है :

- विपणन;
- लेखा;
- अभिलेखन;
- प्रतिवेदन और/या प्रमाणीकरण;
- आपूर्ति श्रृंखला, और
- गुणवत्ता।

कुछ विशिष्ट गतिविधियाँ जहाँ नियमों का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता होती है नीचे दी गई हैं :

- लागत के लिए लेखांकन;
- प्रस्ताव तथा निविदा प्रक्रियाएँ;
- मूल्य निर्धारण;
- संगठन-संबंधी हित-संघर्षों को टालना;
- सरकारी अधिकारियों को उपहार या मनोरंजन भेंट करना;
- वर्तमान और/या भूतपूर्व सरकारी अधिकारियों के साथ संभावित रोजगार पर चर्चा करना;
- परिवर्तन आदेश;
- कार्य-घंटों के अभिलेख रखना;
- संविदा दायित्वों का अनुपालन करना; और
- गोपनीय जानकारी का प्रबंधन।

सत्यनिष्ठा



जब ईटन सरकारी ठेकों के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं या उपठेकेदारों का प्रयोग करता है, तो संबंधित ईटन कर्मचारी सभी विशेष सरकारी आवश्यकताओं को इन आपूर्तिकर्ताओं या उपठेकेदारों तक संचारित करने के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। इसके अतिरिक्त, ईटन केवल उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं या उपठेकेदारों का चयन करने के लिए प्रतिबद्ध है जो यहाँ दी गई मार्गदर्शक सूचनाओं के साथ सुसंगत तरीके से कार्य करते हैं।

जहाँ भी ईटन व्यवसाय करता है, वहाँ ईटन के कर्मचारियों को और ईटन की ओर से काम करने वाले किसी भी व्यक्ति या कंपनी को ध्यान में रखना चाहिए कि उनके अपने देश के कानूनों का पालन करने के साथ ही उन्हें कुछ ऐसे अमरीकी कानूनों का पालन करना भी आवश्यक है जिनका "अपरदेशीय प्रभाव" होता है। इन कानूनों में अमरीका का विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम, अमरीकी गोपनीय जानकारी से संबंधित कानून, और अमरीकी निर्यात नियंत्रण संबंधी कानून शामिल हैं। उदाहरण के लिए, यूनाइटेड किंगडम में अमरीकी रक्षा-संबंधी उत्पादों के लिए पुर्ज़ों का निर्माण करने वाली ईटन की एक सहायक कंपनी उसी प्रकार अमरीकी कानूनों के अधीन है जैसे कि मूल अमरीकी संस्था।

अधिक मार्गदर्शन के लिए ईटन की विश्वव्यापी भ्रष्टाचार-विरोधी नीति देखें।

## सरकारी व्यक्तियों के साथ संबंध

राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारें आम तौर पर सरकारी कर्मियों द्वारा उपहार, मनोरंजन, अनुग्रह, कृपा और यात्रा की भेंट प्राप्त करने या इनकी पेशकश करने का निषेध करते हैं या इनपर सख़्त सीमाएँ रखते हैं। किसी सरकारी अधिकारी को उपहार, मनोरंजन, अनुग्रह, कृपा या अन्य खर्च या धर्मार्थ दान की पेशकश करने से पहले मार्गदर्शन के लिए ईटन की विश्वव्यापी उपहार और मनोरंजन नीति देखें।

यदि आपकी नौकरी में किसी भी सरकार के साथ व्यवसाय करना शामिल है, तो आप लागू कानूनों और विनियमों को जानने और उनका अनुपालन करने के लिए ज़िम्मेदार हैं। यदि आप निश्चित रूप से नहीं जानते कि आप पर कौन-से कानून लागू होते हैं, तो ईटन के विधि विभाग से संपर्क करें।

## प्रश्न

**प्र. अगर मुझे लगता है कि मुझे सरकारी ठेकों से संबंधित अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है, तो मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** हम समझते हैं कि यह एक अत्यंत विनियमित और जटिल क्षेत्र है। लेकिन, हम आपसे अपने किए हुए काम की गुणवत्ता की ज़िम्मेदारी उठाने की अपेक्षा रखते हैं, इसलिए यदि आपको लगता है कि आपको और अधिक प्रशिक्षण की ज़रूरत है, तो अपने पर्यवेक्षक से बात करें या विधि विभाग से संपर्क करें।

**प्र. अगर मुझे स्पष्ट रूप से पता नहीं है कि मैं अपनी परियोजना पर साथ काम कर रहे सरकारी कर्मचारियों को मनोरंजन, भोजन या यात्रा की पेशकश कर सकता हूँ या नहीं, तो मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** ऐसा करना उचित है या नहीं यह सुनिश्चित करने से पहले कोई भी पेशकश न करें। क्या उचित है यह निर्धारित करने में यदि आप मदद चाहते हैं, तो विधि विभाग से संपर्क करें।

**प्र. मेरे पर्यवेक्षक ने मुझे उनकी अनुपस्थिति के दौरान एक लेखांकन प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने को कहा। मैं नहीं जानता कि उस पर हस्ताक्षर करने के लिए मैं अधिकृत हूँ या नहीं। ऐसे में मैं क्या करूँ?**

**उ.** अपने पर्यवेक्षक को इस बात की पुष्टि करने के लिए कहें कि आप उस दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत हैं। अगर उन्हें निश्चित रूप से पता नहीं है, तो विधि विभाग से मदद माँगें। कंपनी द्वारा सरकारी कानून और नियमों के अनुपालन पर आपको तब तक हस्ताक्षर नहीं करने चाहिए, या उन्हें प्रमाणित नहीं करना चाहिए, जब तक कि आपको ऐसा करने का निश्चित अधिकार न हो।

**प्र. एक हाल ही में नियुक्त हुए सरकारी अधिकारी ने हमारे संयंत्र के एक दौरे के लिए अनुरोध किया है। उनकी नियुक्ति हमारे स्थानीय समुदाय में बहुत विवादग्रस्त थी, और उनके दौरे से हमारे कार्यबल में गड़बड़ी मच सकती है। क्या मुझे दौरे की अनुमति देनी ही चाहिए?**

**उ.** इस तरह के अनुरोधों के लिए ईटन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सार्वजनिक तथा सामुदायिक मामले विभाग, या विधि विभाग के साथ संयोजन करें।

**प्र. मेरी एक दोस्त सरकारी नौकरी से सेवा-निवृत्त हो रही हैं और मेरे नए परियोजना दल के लिए एक उत्कृष्ट वृद्धि हो सकती हैं। क्या मैं उसे इस अवसर के बारे में बता सकता हूँ?**

**उ.** कानूनी जोखिमों से बचने के लिए, किसी भी वर्तमान या भूतपूर्व सरकारी कर्मचारी के साथ रोजगार-संबंधी कोई भी चर्चा करने से पहले, मानव संसाधन विभाग या विधि विभाग से संपर्क करें।

## उदाहरण

### अनुचित

- ☒ ईटन को एक बड़े सरकारी ठेके के लिए ध्यान में लिया जा रहा है। ईटन को ठेका देने का निर्णय जिनके हाथ में है, ईटन उनके बेटे को काम पर नियुक्त करता है।
- ☒ ईटन को अपने निविदा में मूल्य-संबंधी जानकारी का खुलासा करने की आवश्यकता है। ईटन इस जानकारी को गोपनीय मानता है और गलत जानकारी देता है।
- ☒ एक सरकारी कर्मचारी संकेत देते हैं कि सरकार के साथ कारोबार कर रही कंपनियों से उपहार लेने को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता, तो एक ईटन कर्मचारी उन्हें एक खेलकूद के कार्यक्रम के टिकट की पेशकश करता है।
- ☒ ईटन द्वारा सरकार को उपलब्ध कराए जाने वाले उत्पादों में स्थानीय स्तर पर उत्पादित पुर्ज़ों का एक निश्चित प्रतिशत होना आवश्यक है। हालाँकि ऐसा नहीं है, फिर भी ईटन प्रमाणित करता है कि उसके उत्पाद इस न्यूनतम प्रतिशत की आवश्यकता को पूर्ण करते हैं।

### उचित

- ☑ स्थानीय कानून सरकारी अधिकारियों का आपूर्तिकर्ताओं से भोजन प्राप्त करने का कड़ाई से निषेध करते हैं। ईटन कर्मचारी सरकारी अधिकारियों को भोजन की पेशकश करना या भोजन प्रदान करना टालते हैं।
- ☑ एक सरकार के निविदा के लिए अनुरोध में नियुक्ति और श्रम प्रथाओं जैसे कई विषयों पर प्रमाणपत्रों की आवश्यकता है। ईटन कर्मचारी प्रमाणीकरण पूरा करने से पहले प्रत्येक वस्तुओं की पुष्टि करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि, आवश्यकता हो तो उन्हें प्रमाणीकरण पर हस्ताक्षर करने का अधिकार है।
- ☑ एक भूतपूर्व सरकारी कर्मचारी को नौकरी की पेशकश करने से पहले, एक ईटन प्रबंधक मानव संसाधन विभाग और विधि विभाग से संपर्क करता है, यह सत्यापित करने के लिए कि वह सरकारी कर्मचारी कानूनी तौर पर ईटन के लिए काम कर सकती हैं या नहीं।
- ☑ सरकारी लेखांकन नियमों के अनुसार यह आवश्यक है कि सरकारी ठेकों पर खर्च किए समय को भुगतान-अनुरोधों में अभिलिखित किया जाए और उनका योग्य हिसाब दिया जाए। उचित अभिलेखन प्रक्रियाओं का पालन किया जाता है।

# 11 राजनीतिक अंशदान

हम राजनीतिक उम्मीदवारों या पक्षों को ईटन की ओर से अंशदान नहीं देते, यद्यपि यह न्यायोचित हो।





# नैतिक

ईटन अपनी निधि, संपत्ति या सेवाओं में से राजनीतिक उम्मीदवारों को अंशदान नहीं करता है, यद्यपि ऐसे अंशदान न्यायोचित हों। यह निर्वाचित अधिकारियों द्वारा कंपनी के दौरे निषिद्ध नहीं करता। वास्तव में, इन दौरों को प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि निर्वाचित अधिकारी हमारे परिचालन  के मुद्दों को समझ सकें। न ही यह ईटन को उन मतदान मुद्दों (जैसे स्कूल लेवी) का समर्थन करने से प्रतिबंधित करता है जो हमारे कार्यों और कर्मचारियों को प्रभावित कर सकते हैं।

कर्मचारियों को वैयक्तिक तौर पर राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए और वे जैसा उचित समझें वैसा व्यक्तिगत योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कोई कर्मचारी किसी अन्य कर्मचारी पर राजनीतिक अंशदान देने के लिए या किसी राजनीतिक पक्ष या उम्मीदवार का समर्थन करने के लिए दबाव नहीं डाल सकता।

जो कर्मचारी सार्वजनिक मुद्दों (सरकार, विधान और अन्य जन-हित मामलों) पर अपने विचार व्यक्त करते हैं, उन्हें ईटन की ओर से ऐसा नहीं करना चाहिए, न ही ऐसा करते प्रतीत होना चाहिए, जब तक कि ईटन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सार्वजनिक तथा सामुदायिक मामले विभाग, उन्हें ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं करते।

नीचे कुछ ऐसी गतिविधियों के उदाहरण दिए गए हैं जो ईटन द्वारा निषिद्ध हैं और जो अवैध भी हो सकती हैं :

- किसी राजनीतिक अभियान के संबंध में राजनीतिक संगठनों, उम्मीदवारों या उनके कर्मचारियों द्वारा कंपनी कारों या अन्य ईटन संपत्ति का उपयोग,
- राजनीतिक रात्रिभोज और राजनीतिक अनुदान संचयन कार्यक्रमों में सीट या टेबल खरीदने के लिए ईटन निधि का उपयोग, और
- राजनीतिक या अभियान साहित्य में ईटन के नाम का उपयोग।



**प्र. क्या मैं अपने महापौर को अपनी वार्षिक परेड़ में ले जाने के लिए कंपनी की कार का उपयोग कर सकता हूँ?**

**उ.** नहीं, राजनीतिक उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए कंपनी कारों का इस्तेमाल करना अनुचित है।

**प्र. मेरे प्रबंधक ने मुझे एक विशिष्ट उम्मीदवार को पैसे दान करने के लिए कहा है। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि मैं ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं हूँ, लेकिन फिर भी मैं दबाव महसूस कर रहा हूँ। ऐसे में मैं क्या करूँ?**

**उ.** ईटन के कर्मचारी अन्य कर्मचारियों पर किसी राजनीतिक पक्ष या उम्मीदवार का समर्थन करने के लिए दबाव नहीं डाल सकते। यदि अपने प्रबंधक या किसी अन्य प्रबंधक से इस बारे में बात करने में आपको संकोच हो रहा हो, तो मानव संसाधन विभाग अथवा एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क करें।

## उदाहरण

### अनुचित

☒ एक ईटन कर्मचारी एक राजनीतिक अनुदान संचयन रात्रिभोज में उपस्थित होती हैं और उसकी लागत अपने व्यय विवरण में पेश करती हैं।

☒ एक पर्यवेक्षक अपने अधीन कर्मचारियों को अपने चाचा के लिए समर्थन माँगते हुए ई-मेल करती हैं, जो एक स्थानीय राजनीतिक उम्मीदवार हैं। वे उनसे अपने चाचा के अभियान में योगदान देने का आग्रह करती हैं।

☒ एक राजनेता अवकाश ग्रहण कर रहे हैं और यह अवसर मनाते हुए एक दावत देते हैं, जिससे मिलने वाले अंशदान पिछले चुनाव के उनके कर्ज का भुगतान करने में इस्तेमाल किए जाएँगे। ईटन भाग लेने के लिए अपने कर्मचारियों के लिए एक टेबल खरीदता है।

☒ एक संयंत्र प्रबंधक एक राजनीतिज्ञ को ईटन संपत्ति पर अपना अभियान चिह्न लगाने की अनुमति देता है।

### उचित

☑ स्थानीय कानून संस्थाओं को राजनीतिक उम्मीदवारों के लिए अंशदान करने की अनुमति देता है। ईटन ऐसा अंशदान नहीं करता।

☑ पक्ष अधिकारी ईटन संयंत्र के एक दौरे के लिए अनुरोध करते हैं। इस अनुरोध पर जवाब देने से पहले संयंत्र प्रबंधक विधि विभाग से या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सार्वजनिक तथा सामुदायिक मामले विभाग, से सलाह लेते हैं।

☑ ईटन के नेता एक स्थानीय स्कूल लेवी का समर्थन करते हैं, और इस बात की पुष्टि करने के बाद कि ऐसा करना वैध तथा योग्य है, कर्मचारियों को समझाते हैं कि क्यों यह ईटन और समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है।

☑ एक प्रबंधक एक व्यय विवरण की समीक्षा करते वक्त एक राजनीतिक रैली में किया व्यय देखते हैं। प्रबंधक विवरण को खारिज कर देते हैं और ईटन की राजनीतिक अंशदान संबंधी नीति के बारे में अपने कर्मचारी से बात करते हैं।

# 12 पर्यावरण, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा

हम हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा का संरक्षण करने और पर्यावरण की रक्षा करने में विश्व के अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कर्मचारियों की सुरक्षा

हम मानते हैं कि हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। हम दुर्घटनाओं, चोटों और व्यावसायिक बीमारियों को होने से रोकने और हमारे कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित जीवन शैली को बढ़ावा देने की कोशिश करते हैं।

## अनुपालन

हमारी दुनिया भर में लोगों, नीतियों और प्रक्रियाओं की पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (ई एच एस) शासन संरचना है जो अनुपालन, जवाबदेह ई एच एस प्रथाएँ तथा सक्रिय घटना सूचना और प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की दृष्टि से तैयार की गई है। यह संरचना हमारे संचालन और हमारे उत्पाद, दोनों के लिए लागू होती है। दुनिया भर के हमारे व्यवसाय पर लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का सम्मान तथा पालन करने की ईटन की प्रतिबद्धता के साथ संगत, हम नियामक आवश्यकताओं को पूरा करने या उनके पार जाने के लिए निरंतर कोशिश करते रहते हैं। हम एक "घटना-रहित" संस्कृति निर्माण करने के उद्देश्य से काम करते हैं और ईटन की ई एच एस प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन के माध्यम से, जो दुनिया भर में हमारी सभी सुविधाओं के लिए ई एच एस कार्य-निष्पादन मानकों का एकमात्र ढाँचा स्थापित करती है, हमारे ई एच एस कार्य-निष्पादन को निरंतर सुधारित करने का प्रयास करते हैं। हम हमारे ई एच एस कार्य-निष्पादन मेट्रिक्स के आकलन और सत्यापन के लिए योग्य और स्वतंत्र तृतीय पक्षों का उपयोग करते हैं।

## पर्यावरण प्रबंधन

पर्यावरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता कानूनी अनुपालन के पार जाती है और हमारे कार्यों, उत्पादों और आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से हमारे पर्यावरण पदचिह्न को कम करने के उद्देश्य से की गई कई कार्यवाहियों को शामिल करती है। हमारे कार्यों में यह प्रतिबद्धता, प्रदूषण कम करने, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने के हमारे प्रयासों में – वे प्रयास जो हमारी आपूर्ति शृंखला प्रतिबद्धताओं में समाविष्ट किए गए हैं - प्रतिबिंबित होती है। इतना ही नहीं, हम अपने उत्पाद पर्यावरण के लिए तैयार करते हैं (उदाहरण के लिए, कच्चा माल तथा उर्जा दक्षता को ध्यान में लेकर) और उनके प्रारूप में जीवन-घटनाचक्र प्रभाव को समाविष्ट करते हैं। साथ मिलकर, ये प्रयास ईटन के समग्र टिकाऊ व्यापार मॉडल का समर्थन करते हैं।

## ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और ठेकेदार

हम अनुपालन सुनिश्चित करने, सुरक्षा को बढ़ावा देने, अपने सामूहिक पर्यावरण पदचिह्न को कम करने और दुनिया की पर्यावरण और ऊर्जा प्रबंधन चुनौतियों पर स्थायी समाधान ढ़ूँढने के लिए अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों के साथ मिलकर काम करते हैं।

# संरक्षण

## प्रश्न

**प्र. मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी शिफ़्ट पर एक फोर्कलिफ्ट चलाता है। कल रात उसने गलती से एक तेल अपशिष्ट के ड्रम को गिरा दिया और ज़मीन पर थोड़ा तेल गिर गया। मैंने उसे साफ़ करने में उसकी मदद की, और किसी को भी पता नहीं चला। मेरे दोस्त को बेतहाशा ड्राइविंग के लिए कई बार चेतावनी दी गई है, और अगर तेल गिरने की सूचना दी गई, तो वह अपनी नौकरी खो सकता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** अपनी चिंता व्यक्त करें और उसे समझाएँ कि तेल गिरने की सूचना देनी ही चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता, तो अपने पर्यवेक्षक, स्थानीय ई एच एस प्रबंधक या विधि विभाग को तेल गिरने की सूचना दें।

**प्र. मैं एक ऐसे क्षेत्र में काम करता हूँ जहाँ सुरक्षा-जूतों की आवश्यकता होती है। ई एच एस प्रबंधक का कहना है कि बजट में जूतों के लिए पैसा नहीं है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उ.** अपने संयंत्र प्रबंधक, कॉर्पोरेट ई एच एस संपर्क-व्यक्ति या विधि विभाग से सहायता माँगें।

**प्र. हमारे संयंत्र में मशीन की मरम्मत ठेकेदारों द्वारा की जाती है। मैं एक मशीन ऑपरेटर हूँ और मैंने देखा है कि हमारे एक ठेकेदार मशीन सुरक्षा प्रक्रियाओं को नज़रअंदाज़ करते हैं। क्या मुझे कुछ कहना चाहिए?**

**उ.** उसकी अपनी सुरक्षा के लिए, ठेकेदार को काम बंद करने के लिए कहें। फिर अपने पर्यवेक्षक या स्थानीय ई एच एस प्रबंधक को स्थिति के बारे में सूचित करें।

**प्र. हमारा संयंत्र प्लान्टिंग कार्य करने के लिए एक औफ़-साइट आपूर्तिकर्ता का उपयोग करता है। मैंने हाल ही में उनकी साइट का दौरा किया और उनके संयंत्र से रसायनों को पास की एक झील में बहते देखा। हमारे इस आपूर्तिकर्ता के साथ लंबे समय से अच्छे संबंध रहे हैं। क्या मुझे कुछ कहना चाहिए?**

**उ.** हाँ, आपूर्तिकर्ता से इन बहावों के बारे में और उन्हें रोकने के लिए वे क्या कर रहे हैं, इस बारे में पूछें। इसके अलावा, अपने स्थानीय ई एच एस प्रबंधक और विधि विभाग को इस बारे में सूचित करें ताकि उपयुक्त कार्यवाही निर्धारित की जा सके।

**प्र. मैंने अपने संयंत्र के अन्य विभागों में ऐसे व्यवहार देखे हैं जो असुरक्षित हैं। क्या मैं इस बारे में आवाज़ उठा सकता हूँ?**

**उ.** एक सुरक्षित कार्य-वातावरण बनाए रखने के लिए हर कर्मचारी ज़िम्मेदार है। किसी भी असुरक्षित व्यवहार के बारे में अपने पर्यवेक्षक या स्थानीय ई एच एस प्रबंधक को सूचित करें।

**प्र. हम स्थानीय आवश्यकताओं से अधिक कड़े सुरक्षा मानकों का पालन क्यों करते हैं, जबकी हमारे प्रतिस्पर्धी सिर्फ स्थानीय आवश्यकताओं का ही पालन करते हैं?**

**उ.** ईटन वैश्विक पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को लागू करके कर्मचारियों की सुरक्षा निश्चित करता है, भले ही ये मानक कभी-कभी स्थानीय आवश्यकताओं से अधिक होते हैं।




HYBRID

## उदाहरण

### अनुचित

- एक मशीन ऑपरेटर सोचता है कि सुरक्षा-चश्मा पहनने के लिए संयंत्र में बहुत गर्मी है।
- एक प्रबंधक ने एक नई पेन्ट लाइन शुरू की है जो वायु तथा जल प्रदूषक छोड़ सकती है, लेकिन उन्होंने आवश्यक सरकारी प्राधिकरण या लाइसेंस प्राप्त नहीं किए हैं।
- एक ग्राहक के आर्डर को जल्दी पूरा करने के लिए, एक मशीन ऑपरेटर मशीन की सुरक्षा को नज़रअंदाज़ करता है।
- एक संयंत्र प्रबंधक उत्सर्जन अनुपालन के लिए आवश्यक, एक वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण खरीदना नामंज़ूर कर देता है ताकि वह संयंत्र के लाभ विवरण में बढ़त दिखा सके।

### उचित

- एक नया मशीन ऑपरेटर कंपनी में नियुक्त होता है। उसके अनुकूलन कार्यक्रम के भाग के रूप में, उसे आवश्यक सुरक्षा उपकरण और मशीन सुरक्षा प्रोटोकॉल पर प्रशिक्षण दिया जाता है।
- एक कर्मचारी संयंत्र में गिर जाती है और उसे चोट लग जाती है। वह अपने पर्यवेक्षक को सूचित करती है, आवश्यक प्रतिवेदन प्रक्रिया का अनुपालन करती है और चिकित्सीय सहायता प्राप्त करती है।
- एक ग्राहक उनके उत्पाद या उत्पाद की पैकेजिंग में कुछ विशिष्ट रसायन शामिल करना निषिद्ध करता है। उत्पाद दल उत्पाद अभियांत्रिकी और आपूर्ति श्रृंखला विभागों के साथ काम करके सुनिश्चित करता है कि निषिद्ध रसायन उत्पाद में शामिल नहीं किए जाएँ।
- एक संयंत्र प्रबंधक कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसी नए उत्पाद, प्रक्रिया, उपकरण या कच्चे माल का उपयोग प्रारंभ करने से पहले ई एच एस परिवर्तन प्रबंधन प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।

# आपकी ज़िम्मेदारियाँ

एक ईटन कर्मचारी होने के नाते, आपसे निम्नलिखित की अपेक्षा की जाती है :

- नैतिक आचरण संहिता को पढ़ने, समझने और उसका अनुपालन करने की;
- अगर आप किसी निर्णय या कार्यवाही की नैतिकता या वैधता निर्धारित नहीं कर पाते हैं तो मदद माँगने की;
- आचारनीति और अनुपालन शिक्षा और प्रशिक्षण में भाग लेने की;
- यह समझने की कि आपके विचार से यदि कोई गतिविधि नैतिक आचरण संहिता का उल्लंघन करती हो, तो आप उसके बारे में तुरंत सूचना देने के लिए बाध्य हैं;
- आंतरिक जाँच करने वाले ईटन प्रतिनिधियों के साथ सहयोग करने की; और
- जब कहा जाए तब, नैतिक आचरण संहिता का अनुपालन करने की आपकी ज़िम्मेदारी की पुष्टि करने की।

## इसके अलावा, यदि आप एक ईटन पर्यवेक्षक हैं, तो आपसे निम्नलिखित की अपेक्षा की जाती है :

- अपनी बातों और कार्यों, दोनों के माध्यम से सबके सामने उदाहरण प्रस्तुत करने की;
- अपने कर्मचारियों के साथ ईमानदारी से और खुलकर दो तरफा बातचीत करने को बढ़ावा देने, और उन्हें नैतिक मुद्दों के बारे में उनके सवाल और चिंताओं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करने, और कोई मुद्दा हल हो जाने पर उन्हें उसके बारे में सूचित करने की;
- किसी मुद्दे पर चर्चा करने या किसी संभाव्य उल्लंघन के बारे में सूचना देने के लिए आगे आए किसी भी कर्मचारी का समर्थन करने, और ऐसा करने की वजह से उसके साथ कोई भी प्रतिशोधी कार्यवाही नहीं होगी यह सुनिश्चित करने की;
- अनुपालन-संबंधी खतरों से निपटने के लिए तैयार की गई कार्य-योजनाओं का तुरंत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की;
- अनैतिक और अवैध आचरण रोकने और उनका पता लगाने के उद्देश्य से तैयार की गई ईटन की नीतियों और प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने की;
- यह सुनिश्चित करने की कि कर्मचारियों को उनके पदों के लिए लागू नीतियों, प्रक्रियाओं और नैतिकता और अनुपालन-संबंधी खतरों के बारे में प्रशिक्षित व सूचित किया जाए; और
- हर वर्ष यह प्रमाणित करने की कि आपके अधीन कर्मचारियों ने आचारनीति प्रशिक्षण पूरा कर लिए है।

## नैतिक आचरण संहिता का उल्लंघन करने के परिणाम

जो कर्मचारी नैतिक आचरण संहिता का पालन नहीं करते, उनपर निष्कासन तक, और निष्कासन समेत, अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है। नैतिक आचरण संहिता द्वारा निषिद्ध आचरण व्यक्तिगत दीवानी या फौजदारी देयता का भी कारण हो सकता है।

उल्लंघनों में निम्नलिखित शामिल हैं :

- ऐसी गतिविधियाँ जो संहिता का उल्लंघन करती हों;
- दूसरों को संहिता का उल्लंघन करने के लिए कहना;
- ईटन प्रतिनिधियों द्वारा की जा रही जाँच में सहयोग नहीं करना;
- किसी कर्मचारी द्वारा किसी उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघन के बारे में निष्कपट भाव से सूचना देने, या किसी नैतिक जाँच में सहायता करने के लिए उस कर्मचारी के साथ प्रतिशोधी व्यवहार करना; और
- ऐसी किसी भी गतिविधि को छिपाना या उसकी सूचना न देना जो आपके विचार में नैतिक आचरण संहिता का उल्लंघन करती हो।

पर्यवेक्षकों का दबाव या व्यापार स्थितियों की माँगें किसी को भी नैतिक आचरण संहिता के अनुपालन न करने की छूट नहीं देते।





### प्रश्न

**प्र.** **मुझे लगता है कि मेरे संयंत्र में एक संभावित गुणवत्ता समस्या है, लेकिन मैं तथ्यों के बारे में सुनिश्चित नहीं हूँ और मुझे पता नहीं है कि यह एक नैतिक मुद्दा है या नहीं। क्या मुझे फिर भी इस मुद्दे को उठाना चाहिए?**

**उ.** हम आपसे इस तरह की बातें अपने पर्यवेक्षक को सूचित करने की अपेक्षा करते हैं ताकि वे स्थिति के गंभीर होने से पहले उसे सुधार सकें। आपको जाँच करने या सभी तथ्यों को जानने की ज़रूरत नहीं है। हम केवल इतना ही चाहते हैं कि आपका इरादा अच्छा और ईमानदार हो। ज़्यादातर मामलों में, आपके पर्यवेक्षक सभी तथ्यों को समझने में आपकी मदद करेंगे, या इन मुद्दों से निपटने के लिए आप के साथ काम करेंगे।

### उदाहरण

#### अनुचित

☒ एक पर्यवेक्षक को पता चलता है कि एक कर्मचारी ने अपने व्यय विवरण में गलत जानकारी दी है और वे कुछ नहीं करते।

#### उचित

☑ एक प्रबंधक एक कर्मचारी को गुणवत्ता के एक गंभीर मुद्दे पर आवाज उठाकर, संभावित देयता और प्रतिष्ठा के नुकसान से कंपनी को बचाने के लिए व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देते हैं।

# सहायता प्राप्त करना

आज के वैश्विक बाज़ार में हमारा संगठन जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है उन सबके बारे में जानना, या सभी जटिल परिस्थितियों से निपटने के उपाय जानना, अक्सर मुश्किल होता है। किसी के पास भी सारे जवाब नहीं हैं। लेकिन हम यह अवश्य जानते हैं कि सबसे अच्छे जवाब उस संगठन में विकसित होंगे जो अपनी नैतिकता और मूल्यों को कायम रखने के लिए और नैतिकता की दृष्टि से एक बेहतरीन वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं सवाल पूछने, चिंता व्यक्त करने या किसी संदिग्ध आचरण या व्यावसायिक प्रथा के बारे में सूचना देने में कभी भी संकोच न करें।




अच्छे नैतिक निर्णय हमेशा स्पष्ट नहीं होते। जवाब हमेशा स्पष्ट या आसान नहीं होते। अगर आप एक मुश्किल विकल्प का सामना कर रहे हों तो? निर्णय लेने में आपकी मदद करने के लिए, हमारा सुझाव है कि आप नैतिक आचरण संहिता और इस मार्गदर्शिका की समीक्षा करें, और फिर अपने आप से ये तीन सवाल पूछें:

- क्या मैं बिना किसी परेशानी के अपने पर्यवेक्षक को अपनी गतिविधियों की सफ़ाई दे सकता/सकती हूँ?
- क्या अपने परिवारजनों और दोस्तों को अपनी गतिविधियों के बारे में बताते हुए मुझे गर्व महसूस होगा?
- अगर मेरी गतिविधियों की संचार-माध्यमों में खबर दी जाए तो क्या मुझे ठीक लगेगा?

यदि अब भी आपको कुछ शंकाएँ हैं, तो अपने पर्यवेक्षक के साथ इस पर चर्चा करें। अक्सर वे आपके सबसे अच्छे स्रोत होते हैं और आपके दैनिक ज़िम्मेदारियों से सबसे अधिक परिचित होते हैं। यदि अपने पर्यवेक्षक के साथ इस मुद्दे को उठाने में आप संकोच महसूस करते हैं, या फिर, आप कोई मुद्दा सामने लाएँ हों मगर उसका कोई हल नहीं निकला हो, तो ऐसी स्थिति में नीचे कुछ अन्य संसाधन दिए हैं जो आपके लिए उपलब्ध हैं :

- आपके संगठन, क्षेत्र या खंड में कोई अन्य प्रबंधक;
- मानव संसाधन विभाग या ओमबड्स (विशेष रूप से मुआवज़ा, लाभ, अनुशासन या पदोन्नति जैसे कार्यस्थल-संबंधी मुद्दों के लिए);
- साइट या सयंत्र नेता (जैसे गुणवत्ता या आपूर्ति श्रृंखला);
- विधि विभाग; और
- एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय।

## एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क कैसे करें

स्थानीय कानून के अधीन, कोई भी व्यक्ति खुलकर या बेनामी रूप से सवाल पूछ सकता है या किसी भी नैतिक मुद्दे, या लेखांकन, वित्तीय, कर-संबंधी या भ्रष्टाचार-विरोधी मामलों समेत, किसी भी संभाव्य या प्रत्यक्ष कानूनी उल्लंघन की सूचना एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय को, नीचे दिए किसी भी तरीके से, दे सकता है :

- **डाक** - इस पते पर डाक भेजें :
  वी पी, एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स
  ईटन कॉर्पोरेशन
  1111 सुपीरियर ऐवेन्यू,
  क्लीव्लैंड, ओहायो 44114 यू एस ए
- **ई-मेल** - Ethics@eaton.com पर ई-मेल भेजें, या जे ओ ई (ईटन का इन्ट्रानेट) अथवा ईटन की बाहरी वेबसाइट पर उपलब्ध ग्लोबल एथिक्स वेबसाइट पर दिए गए वेब फॉर्म का उपयाग करें।
- **दूरभाष** - यू एस और कैनडा से 800.433.2774 पर फोन कर एथिक्स एण्ड फायनैन्शियल इन्टिग्रिटि हैल्प लाइन को संपर्क करें। अन्य सभी देशों से, आपके स्थानीय एथिक्स पोस्टर पर या जे ओ ई पर ग्लोबल एथिक्स वेबसाइट पर दिए गए क्रमांक पर फोन करें। यह हेल्पलाइन निःशुल्क है, और एक बहुभाषीय प्रतिनिधि दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध होता है।
- **बहुभाषीय सहायता** - यदि आप चाहें तो अपना मुद्दा अपनी मातृभाषा में लिखकर इनमें से किसी भी पते पर भेज दें, और हम आपके पत्र या ई-मेल का अनुवाद करेंगे।

## जब आप एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क करें, तो क्या अपेक्षा करें

चाहे आप अपनी सूचना, चिंता, या सवाल हम तक पहुँचाने के लिए जो भी तरीका चुनें, आप निम्नलिखित की अपेक्षा कर सकते हैं :

- आपकी सूचना, चिंता, या सवाल को गंभीरता से लिया जाएगा और उस पर तुरंत, सावधानीपूर्वक और पेशेवर तरीके से कार्य किया जाएगा।
- अगर आपको आवश्यकता हो तो अनुवाद सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।
- आपके द्वारा दी गई किसी भी सूचना या उठाए हुए किसी भी मुद्दे की जाँच की जाएगी, और यदि उपयुक्त हो, तो उसे जवाबी या अनुवर्ती कार्यवाही के लिए मानव संसाधन विभाग या किसी अन्य आंतरिक संसाधन चैनल को भेजा जाएगा। जाँच तुरंत की जाएगी।
- आपकी पहचान जहाँ तक हो सके गोपनीय रखी जाएगी, तथापि, इस हद तक कि योग्य रूप से छानबीन की जा सके।
- सूचना और जाँच की जानकारी लागू कानूनों के अनुसार रखी जाएगी और केवल उन व्यक्तियों को दी जाएगी जिन्हें उस जानकारी की आवश्यकता होगी।
- स्थानीय कानून के अधीन, आपके पास गुमनाम रहने का विकल्प है। यदि आप गुमनाम रहते हैं, तो आपका स्थल और दूरभाष क्रमांक पहचाना या ढूँढा नहीं जा सकेगा। लेकिन, इससे हमारे लिए आरोप की जाँच करना और आपकी सभी चिंताओं को दूर करना और कठिन हो जाएगा।
- संभावित उल्लंघन या दुराचार, अगर साबित होता है तो, तुरंत और उचित कार्यवाही के माध्यम से हल किया जाएगा। अगर यह उपयुक्त है और हमारे पास आपकी संपर्क जानकारी है, तो हम आपको अंतिम हल के बारे में सूचित करेंगे।

कोई

प्रतिशोध नहीं

ईटन निष्कपटता के भाव से किसी मुद्दे को उठाने वाले, कोई सूचना देने वाले, या किसी सूचना की जाँच में मदद करने वाले किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध प्रतिशोध या अनुशासनिक कार्यवाही की अनुमति नहीं देगा। जो कर्मचारी सूचना देने या जाँच में सहायता करने वाले किसी अन्य कर्मचारी के खिलाफ़ प्रतिशोध करता है, उसपर निष्कासन तक, और निष्कासन समेत, अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है। यदि आपको लगता है कि सूचना देने या किसी नैतिक जाँच में सहायता करने के कारण आपके खिलाफ़ प्रतिशोधी कार्यवाही की गई है, तो अपने पर्यवेक्षक, मानव संसाधन विभाग या, उपाध्यक्ष, एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स से तुरंत संपर्क करें। जो कर्मचारी दुर्भावनापूर्ण रूप से इस हेल्पलाइन का उपयोग करता है, या झूठी जानकारी सूचित करता है, उस पर निष्कासन तक, और निष्कासन समेत, अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

## प्रश्न

**प्र. हमारी संहिता कहती है कि कर्मचारियों के खिलाफ़ निष्कपटता के भाव से दी गई सूचना के लिए प्रतिशोधी कार्यवाही नहीं की जाएगी। निष्कपटता का क्या मतलब है?**

**उ.** कर्मचारी निष्कपटता के भाव से काम करते हैं जब उन्हें लगता है कि अपनी सूचना में वे सच्ची जानकारी दे रहे हैं। दूसरे शब्दों में, उनके इरादे अच्छे और ईमानदार होते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें सही होना ही चाहिए। यदि आप निश्चित रूप से नहीं जानते हैं कि आपको सूचना देनी चाहिए या नहीं, तो अपने पर्यवेक्षक या एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से सहायता माँगें।

**प्र. मुझे चिंता है कि कोई हेल्पलाइन का उपयोग करके मुझपर गलत आरोप लगाएगा। हम गुमनाम सूचनाओं को गंभीरता से क्यों लेते हैं?**

**उ.** हेल्पलाइन के माध्यम से दी गई सभी सूचनाओं को गंभीरता से लिया जाता है। ऐसे समय में जब कर्मचारी खुद की पहचान देने में संकोच महसूस करते हैं, जैसे कि, जब मुद्दा उनके पर्यवेक्षक के बारे में हो, तब उन्हें एक विश्वसनीय संसाधन की ज़रूरत होती है। फिर भी, जो कर्मचारी दुर्भावनापूर्ण रूप से इस हेल्पलाइन का उपयोग करता है, या झूठी जानकारी सूचित करता है, उस पर निष्कासन तक, और निष्कासन समेत, अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

**प्र. मैंने एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय को एक गंभीर मुद्दे की सूचना दी थी, लेकिन किसी ने भी मुझसे इस बारे में संपर्क नहीं किया। ऐसा क्यों?**

**उ.** यदि आपने अपनी सूचना गुमनाम रूप से दी थी, तो हम आप तक नहीं पहुँच सकते। अगर हम आप तक पहुँच भी जाते है, तो भी गुप्तता या अन्य गोपनीयता कारणों से हम आपके साथ परिणाम की जानकारी बाँटने में सीमित हो सकते हैं। यदि यह आप के लिए महत्वपूर्ण है, तो हेल्पलाइन पर फोन करके पूछ लीजिए कि मामले को हल किया गया है या नहीं।

**प्र. अगर मुझे किसी विषय पर चिंता है, तो क्या मुझे हेल्पलाइन पर फोन करने या एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क करने से पहले, इसे अपने पर्यवेक्षक या किसी अन्य स्थानीय प्रबंधक के साथ उठाना आवश्यक है?**

**उ.** आदर्शतः, आपके पर्यवेक्षक या अन्य स्थानीय प्रबंधक आपकी चिंता के बारे में आपकी मदद करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं। तथापि, यह जरूरी नहीं कि आप पहले अपने पर्यवेक्षक से बात करें या हेल्पलाइन या एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क करने से पहले आपको अधिकारियों की एक श्रृंखला से गुज़रना पड़े।

## देश-विशिष्ट जानकारी

इस मार्गदर्शिका में कई बार हमने हेल्पलाइन का हमारे कई संसाधनों में से एक के रूप में उल्लेख किया है जिसका उपयोग आप सलाह लेने या किसी दुराचार की, या कानून या हमारी नैतिक आचरण संहिता का उल्लंघन करने वाली, या हमारे मूल्यों के साथ संघर्ष करने वाली किसी अन्य स्थिति की सूचना देने के लिए कर सकते हैं। आपकी चिंताओं की सूचना देने के लिए आपको हेल्पलाइन का प्रयोग करना ही होगा, ऐसा नहीं है।

असल में, कुछ स्थानीय कानून हेल्पलाइन के माध्यम से सूचित किए जाने वाले मुद्दों को वित्तीय, लेखांकन-संबंधी, बैंकिंग, भ्रष्टाचार-विरोधी और अन्य गंभीर मामलों तक ही सामित करते हैं; आपको हेल्पलाइन प्रतिनिधि को अपनी पहचान बताने की आवश्यकता भी पड़ सकती है। अगर ये कानून आप पर लागू होते हैं, तो एक देश-विशिष्ट सूचना इस मार्गदर्शिका में शामिल है। इस मार्गदर्शिका तथा अन्य संदेशों में हेल्पलाइन के उपयोग संबंधी दिए सभी संदर्भ इस सूचना में उल्लिखित प्रतिबंधों के अधीन हैं। यदि आप कुछ पूछना या स्पष्टीकरण चाहते हों, तो अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रबंधक या एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क करें।

# ग्लोबल एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय

**यह प्रदर्शित करने के लिए कि ईटन के नैतिक मानक वर्तमान होने के साथ-साथ उच्चतम स्तर के भी हैं, ईटन ने अपने नैतिकता और अनुपालन कार्यक्रम के निरीक्षण तथा प्रबंधन के लिए एक कार्यालय स्थापित किया है। यह कार्यालय एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स उपाध्यक्ष के अधीन है, और इस पर निदेशक बोर्ड की प्रशासन समिति का सर्वश्रेष्ठ निरीक्षण रहता है। ईटन की नीतियों और मूल्यों का दुनिया भर में समनरूप तौर पर उसकी व्यावसायिक प्रथाओं में समावेश सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यालय सभी कर्मचारियों, प्रबंधकों और वरिष्ठ नेताओं की प्रतिबद्धता और समर्थन पर निर्भर करता है।**



## इस कार्यालय की गतिविधियों और ज़िम्मेदारियों में से कुछ हैं :

- प्रबंधकों को उनके कर्मचारियों को प्रभावी, प्रासंगिक और विचारशील आचारनीति प्रशिक्षण और संसूचन देने में सहायता करना;
- अनुपालन प्रशिक्षण तथा संसूचन प्रदान करना और उनका निरीक्षण करना;
- कानूनों और ईटन की नीतियों का अनुपालन न करने के खतरों का नियमित तौर पर मूल्यांकन और प्राथमिकता-निर्धारण करना, और इन खतरों को नियंत्रित करने के लिए गतिविधियों का निरीक्षण करना;
- नैतिकता और अनुपालन कार्यक्रम का निरीक्षण और लेखा-परीक्षण करना, और समय समय पर इस कार्यक्रम की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करना;
- नैतिकता और अनुपालन संबंधी मुद्दों का प्रबंधन करना और उन पर निगरानी रखना, तथा मुख्य मैट्रिक्स पर प्रतिवेदन करना;
- उभरते मुद्दों और प्राथमिकताओं के बारे में मार्गदर्शन करना;
- कर्मचारियों और तीसरे पक्षों को मुद्दे उठाने तथा दुराचार और कानूनों, नीतियों या नैतिक आचरण संहिता के उल्लंघनों पर सूचना देने के लिए एक गुमनाम और गोपनीय सूचना माध्यम देना;
- हेल्पलाइन के माध्यम से सूचनाओं का प्रबंधन करना;
- नैतिकता जाँचों का निरीक्षण करना और नैतिकता तथा अनुपालन कार्यक्रम को आवश्यकतानुसार सुधारित करना; और
- नैतिकता और अनुपालन के मुद्दों पर विवरण देने और इस कार्यक्रम की स्थिति के बारे में बताने के लिए निदेशक बोर्ड की लेखा-परीक्षा या प्रशासन समितियों के साथ नियमित बैठकें करना।

## टिप्पणी

# एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय से संपर्क कैसे करें

स्थानीय कानून के अधीन, कोई भी व्यक्ति खुलकर या बेनामी रूप से सवाल पूछ सकता है या किसी भी नैतिक मुद्दे, या लेखांकन, वित्तीय, कर-संबंधी या भ्रष्टाचार-विरोधी मामलों समेत, किसी भी संभाव्य या प्रत्यक्ष कानूनी उल्लंघन की सूचना एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स कार्यालय को, नीचे दिए किसी भी तरीके से, दे सकता है :

- **डाक द्वारा:**
  वी पी, एथिक्स एण्ड कम्प्लायन्स
  ईटन कॉर्पोरेशन
  1111 सुपीरियर ऐवेन्यू,
  क्लीव्लैंड, ओहायो 44114 यू एस ए
- **ई-मेल :** Ethics@eaton.com
- **ऑनलाइन :** www.eaton.com/ethics
- दूरभाष : यह हेल्पलाइन निःशुल्क है, और बहुभाषीय प्रतिनिधि दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध होते हैं। यदि आपका देश यहाँ सूचीबद्ध नहीं है (या अगर आपको निम्नलिखित दूरभाष क्रमाँक मिलाने में समस्या आ रही हो) तो कृपया अपना स्थानीय एथिक्स पोस्टर या जे ओ ई पर ग्लोबल एथिक्स वेबसाइट देखें।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रिया* | 0800.295.342 |
| ब्राजील | 0800.891.4212 |
| कैनडा | 800.433.2774 |
| चीन (Unicom) | 10.800.711.1122 |
| चीन (China Telecom) | 10.800.110.1046 |
| चेक गणराज्य* | 800.143.861 |
| डोमिनिकन गणराज्य* | 800.320.0821 |
| जर्मनी* | 0800.181.9146 |
| भारत | 000.800.100.1499 |
| इटली | 800.789343 |
| मेक्सिको | 001.888.667.6799 |
| नीदरलैंड्स* | 0800.022.2042 |
| पोलैंड* | 0.0.800.111.1664 |
| ताइवान* | 00801.10.4366 |
| यूनाइटेड किंगडम | 0808.234.9987 |
| संयुक्त राज्य अमरीका | 800.433.2774 |

* हो सकता है कि मोबाइल सेवाएँ न जुड़ सकें। अगर आपको मुश्किल हो तो कृपया लैन्डलाइन से नम्बर डायल करें।

Powering Business Worldwide

ecosmart Green Inks

MIX
Paper from responsible sources
FSC® C003197
FSC www.fsc.org

Eaton Corporation • 1111 Superior Ave. • Cleveland, OH 44114
© 2011 Eaton Corporation. All rights reserved. Printed in USA.
P30-3011 (Rev. 3/11) USA — Hindi